मामला सं. एडी(ओआई)-16/2025

भारत सरकार

वाणिज्य विभाग

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

व्यापार उपचार महानिदेशालय

अंतिम जांच परिणाम

अधिसूचना

मिस्र के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल" के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच



रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल की चित्रात्मक प्रस्तुति

फा.सं. 6/18/2025-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(व्यापार उपचार महानिदेशालय)
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 15.06.2026

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

<u>अधिसूचना</u>

मामला सं.-एडी (ओआई)-16/2025

विषय: मिस्र के मूल के अथवा वहां से निर्यातित रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच।

समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975(जिसे यहां आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "नियमावली" या "पाटनरोधी नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. जबकि मैसर्स यू.पी. ट्विगा फाइबरग्लास लिमिटेड (जिसे इसके बाद "आवेदक" कहा गया है) ने निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद "प्राधिकारी" कहा गया है) के समक्ष मिस्र (जिसे इसके बाद "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल (जिसे इसके बाद "संबद्ध सामान" या "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" कहा गया है) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए अधिनियम/नियमावली के अनुसार एक आवेदन-पत्र दायर किया है।

2. और जबकि, आवेदक द्वारा दायर विधिवत प्रमाणित आवेदन-पत्र को देखते हुए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों के किसी तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने तथा पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए, और घरेलू उद्योग को कथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरु करते भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित, दिनांक 16 जून 2025 की जांच शुरुआत अधिसूचना फा. सं. 6/18/2025 जारी की।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. संबद्ध जांच के संबंध में प्राधिकारी द्वारा नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

3.1 जांच की शुरुआत

i. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 5 के उप-नियम (5) के अनुसार जांच शुरू करने से पहले भारत में संबद्ध देश के दूतावास को पाटनरोधी आवेदन-पत्र की प्राप्ति के बारे में अधिसूचित किया।

ii. नियमावली के नियम 6 के अनुसार, प्राधिकारी ने संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए, भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना सं. 6/18/2025-डीजीटीआर, दिनांक 16 जून, 2025 जारी की।

iii. नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार, प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास, ज्ञात उत्पादकों और मिस्र के निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों और प्रयोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए ईमेल पतों के अनुसार एक प्रति भेजी और उनसे अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित में अपने विचार दें।

3.2 आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर का परिचालन

i. प्राधिकारी ने आवेदन-पत्र की अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से संबद्ध देश की सरकार को पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार उपलब्ध कराई। आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति, अनुरोध किए जाने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराई गई थी।

3.3 उत्पादक/निर्यातक द्वारा प्रतिभागिता

i. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार मिस्र में ज्ञात उत्पादक/निर्यातक मैसर्स ग्लास रॉक इन्सुलेशन कंपनी एसएई को निर्यातक प्रश्नावली भेजी।

ii. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से अनुरोध किया गया था कि वह अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

iii. संबद्ध जांच की शुरुआत के उत्तर में, मिस्र के उत्पादकों/निर्यातकों मैसर्स ग्लास रॉक इंसुलेशन कंपनी एसएई ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर करके उत्तर दिया।

3.4 आयातक/प्रयोक्ता द्वारा प्रतिभागिता

i. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाते हुए घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक और प्रयोक्ता प्रश्नावली भेजी।

क. मैसर्स ट्रैंक्विल
ख. मैसर्स बी.एम. इंसुलेशन्स प्राइवेट लिमिटेड
ग. मैसर्स ग्रीन इको इंजीनियर्स
घ. मैसर्स ओवेन्स कॉर्निंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
ड. मैसर्स सिप्ला सॉल्यूशंस
च. मैसर्स आर्के इंडस्ट्रीज
छ. मैसर्स ऑल आर्च इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
ज. मैसर्स एवन रिफ्रैक्टरीज प्राइवेट लिमिटेड
झ. मैसर्स रेवो इंटरनेशनल
ञ. मैसर्स सन एंटरप्राइजेज
ट. मैसर्स ओबेरॉय कंस्ट्रक्शंस लिमिटेड
ठ. मैसर्स इनक्लाइन रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड
ड. मैसर्स जायसवाल एजेंसीज

ii. संबद्ध जांच की शुरुआत के उत्तर में, मैसर्स ग्रीनर एकॉस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएपीएल), आयातक/प्रयोक्ता ने प्रश्नावली का उत्तर दायर करके उत्तर दिया है। नवभारत इन्सुलेशन एंड इंजी. कंपनी, आयातक/प्रयोक्ता ने एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किए जाने का अनुरोध किया है।

iii. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के दूतावास, भारत में सभी ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों, आयातकों/प्रयोक्ताओं और उत्पादकों को एक आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की। निम्नलिखित पक्षकार ने आर्थिक हित प्रश्नावली दायर कर उत्तर दिया:

i. मैसर्स ग्रीनर एकॉस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड

3.5 जांच की अवधि और क्षति की अवधि

i. वर्तमान जांच के लिए जांच की अवधि (पीओआई) 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 (12 माह) है। वर्तमान जांच के लिए क्षति की जांच अवधि अप्रैल 2021 से मार्च 2022, अप्रैल 2022 से मार्च 2023, अप्रैल 2023 से मार्च 2024 और जांच की अवधि है।

3.6 आगे की प्रक्रिया

i. सभी हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरुआत की सूचना प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और उत्पाद नियंत्रण संख्या ("पीसीएन") पद्धति के संबंध में अपनी टिप्पणियां दायर करने का अवसर प्रदान किया गया था। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त समय बढ़ाए जाने के अनुरोध पर विचार करते हुए विचाराधीन उत्पाद/पीसीएन के संबंध में टिप्पणियां दायर करने के लिए 10.07.2025 तक का अतिरिक्त समय दिया। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा टिप्पणियां दायर की गईं। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई टिप्पणियों/अनुरोधों की जांच के बाद, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को संशोधित किया। इसके बाद, अंतिम विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति दिनांक 25.07.2025 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित की गई थी और उसके बाद अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रश्नावली का उत्तर दायर करने के लिए 30 दिनों की समय सीमा प्रदान की गई थी। हितबद्ध पक्षकारों से समय बढ़ाने का अनुरोध प्राप्त होने पर प्रश्नावली के उत्तर दायर करने की समय सीमा 31.08.2025 तक बढ़ाई गई थी।

ii. निर्धारित समय सीमा के भीतर खुद को पंजीकृत करने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई थी। सभी पंजीकृत हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ-साथ प्राधिकारी के साथ वर्तमान जांच में अपने सभी अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर परिचालित करें।

iii. क्षति की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयात का लेनदेन-वार विवरण प्रदान करने के लिए वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) और डीजी सिस्टम्स से अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी को आंकड़े प्राप्त हो गए थे और लेनदेन की उचित जांच के बाद आवश्यक विश्लेषण के लिए डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों पर भरोसा किया गया है।

iv. नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 29 अक्टूबर 2025 को आयोजित मौखिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार देने का अवसर प्रदान किया। इसके बाद, निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के कारण, 6 जनवरी 2026 को एक नई मौखिक सुनवाई आयोजित की गई। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध देने और उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध करने का निर्देश दिया गया था।

v. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर और सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और नियमावली के अनुबंध-III को ध्यान में रखते हुए, भारत में संबद्ध सामानों की इष्टतम उत्पादन लागत और निर्माण तथा बिक्री लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) निकाली गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

vi. इस जांच प्रक्रिया के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध पर, साक्ष्य से समर्थित सीमा तक और वर्तमान जांच के लिए संगत मानी गई सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा इस अंतिम जांच परिणाम में उपयुक्त रूप से विचार किया गया है।

vii. नियम 7 के अनुसार, गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी।

संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया था।

viii. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान पहुंच से इनकार कर दिया है या अन्यथा आवश्यक सूचना प्रदान नहीं की है, या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार/टिप्पणियां दर्ज की हैं।

ix, प्राधिकारी ने जांच के दौरान, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की सटीकता के बारे में संतुष्ट किया, जो वर्तमान अंतिम जांच परिणामों का आधार बनता है।

x. प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग को एक ईमेल भेजा गया था जिसमें पाटनरोधी जांच के लिए दायर आवेदन-पत्र के बारे में सूचित किया गया था और इस मामले में उनकी राय मांगी गई थी।

xi. प्राधिकारी ने वर्तमान कार्यवाहियों के लिए आवश्यक मानी गई सीमा तक, घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए आंकड़ों का सत्यापन किया। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में हितबद्ध पक्षकारों के सत्यापित आंकड़ों पर विचार किया है।

xii. इस अधिसूचना में '***'हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना और नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

xiii. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 84.58 रु. है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

4. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

क) अन्य हितबद्ध पक्षकार ने अनुरोध किया कि रोल फॉर्म में ग्लास वूल के अलावा, उसने ग्लास वूल बोर्ड की सीमित मात्रा का निर्यात किया था। यह अनुरोध किया गया था कि जांच के क्षेत्र के संबंध में किसी अस्पष्टता से बचने के लिए अधिसूचना संख्या 6/23/2019-डीजीटीआर दिनांक 22.12.2020 द्वारा जारी समान उत्पादों के संबंध में प्राधिकारी के पूर्व अंतिम जांच परिणाम के अनुरूप वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से ग्लास वूल बोर्ड को स्पष्ट रूप से बाहर रखा जाए।

ख) अन्य हितबद्ध पक्षकार ने अनुरोध किया कि वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग के साथ ग्लास वूल का निर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है और तकनीकी विशेषताओं, भौतिक गुणों और अंतिम प्रयोग के निष्पादन के संदर्भ में अन्य फेस ग्लास वूल उत्पादों से भौतिक रूप से अलग है। तदनुसार, यह अनुरोध किया गया था कि वी-एफएसके फोल्डिंग वाले ग्लास वूल को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाए। वैकल्पिक रूप से, यदि बाहर नहीं रखा गया है, तो यह अनुरोध किया गया था कि उत्पाद को मार्जिन गणना के उद्देश्य से "एफएसके" के व्यापक वर्ग के तहत समूहीकृत किया जाए या एक अलग पीसीएन के रूप में माना जाए। यह भी तर्क दिया गया था कि घरेलू उद्योग ने याचिका में वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग के साथ फेस्ड ग्लास वूल को डब्ल्यूएमपी-50/डब्ल्यूएमएसजी-50 फेसिंग की श्रेणी में गलत तरीके से वर्गीकृत किया था, जबकि निर्यातक ऐसे उत्पादों का निर्यात नहीं कर रहा था और दोनों प्रकार तकनीकी और व्यावसायिक रूप से गैर-तुलनीय थे।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

5. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क) वर्तमान जांच के उद्देश्य से विचाराधीन उत्पाद "रोल में फेस्ड ग्लास वूल" है जिसे फाइबरग्लास वूल (इंसुलेशन सामग्री) या रेजिन बॉन्डेड ग्लास वूल के रूप में भी जाना जाता है। घरेलू उद्योग ने स्पष्ट किया कि वर्तमान जांच का क्षेत्र रोल में आयातित फेस ग्लास वूल तक ही सीमित है और टाइल/बोर्ड के रूप में आयातित ग्लास वूल वर्तमान जांच के उत्पाद क्षेत्र में शामिल नहीं हैं।

ख) घरेलू उद्योग विशिष्ट ग्राहक आवश्यकताओं और ऑर्डर मात्रा के आधार पर "विनाइल फ़ॉइल स्क्रिम क्राफ्ट विद फोल्डेड फ्लेंज" (वी-एफएसके फोल्डेड) सहित किसी भी प्रकार

की फेसिंग वाले सामानों का उत्पादन करने में पूरी तरह से सक्षम है। साथ ही, विचाराधीन उत्पाद पर लगाया गया फेसिंग मात्र एक अतिरिक्त अभिलक्षण या फिनिशिंग का अंतर है और उल्लिखित उत्पाद की अनिवार्य विशेषताओं या तकनीकी मापदंडों को नहीं बदलता।

ग) इसके अतिरिक्त, विचाराधीन उत्पाद एल्यूमीनियम पन्नी, क्राफ्ट पेपर, एफएसके, या वी-एफएसके जैसे विभिन्न प्रकार के फेसिंग के साथ उपलब्ध है, प्रत्येक को अंतिम प्रयोग विनिर्देशों और बाजार प्राथमिकताओं के अनुसार लगाया जाता है। फेसिंग जोड़ने की प्रक्रिया में विचाराधीन उत्पाद की मौलिक उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की संरचना या मूल निष्पादन विशेषताओं में कोई बदलाव शामिल नहीं है। इसमें केवल उत्पादन के अंतिम चरण के दौरान एक फेसिंग परत का अनुप्रयोग शामिल है, जिसे ऑर्डर दी गई किस्म के आधार पर अनुकूलित किया जा सकता है। इसलिए, किसी विशिष्ट फेसिंग की उपस्थिति या अनुपस्थिति जांच के क्षेत्र से ऐसे वेरिएंट को बाहर करने की अनुमति नहीं देती है। इसलिए, वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित पीसीएन पद्धति के अनुसार वी-एफएसके-फेस वाले उत्पादों के लिए एक अलग पीसीएन बनाया जा सकता है।

घ) घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि प्राधिकारी चल रही जांच में संरचित और उचित तुलना सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित पीसीएन को अधिसूचित कर सकते हैं और अपना सकते हैं।

ड.) घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि आयातित फेस्ड ग्लास वूल के बीच गलत वर्गीकरण और अनुचित तुलना का आरोप लगाने वाले हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध, वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग के साथ और घरेलू स्तर पर उत्पादित फेस्ड ग्लास वूल को व्हाइट मेटलाइज्ड पॉलीप्रोपाइलीन-50 (डब्ल्यूएमपी-50) फेसिंग के साथ जांच में अपनाई गई उत्पाद तुलना ढांचे और उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) पद्धति की गलत समझ पर आधारित है।

च) आवेदन-पत्र में प्रस्तुत तुलना केवल जांच की शुरुआत के स्तर पर प्रथम दृष्टया मूल्यांकन के लिए थी। घरेलू उद्योग ने पाटन और क्षति की शुरुआत के लिए पर्याप्त साक्ष्य सिद्ध करने के लिए घरेलू स्तर पर उपलब्ध सबसे निकट से जुड़े उत्पाद प्रकार के साथ विचाराधीन उत्पाद की तुलना की। अंतिम निर्धारण अनिवार्य रूप से

निर्यातकों द्वारा निर्यात किए गए वास्तविक पीसीएन के अनुरूप लागत, कीमत और तकनीकी विशेषताओं सहित आंकड़ों के विस्तृत सत्यापन पर आधारित होगा।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

6. 16 जून, 2025 की जांच शुरुआत अधिसूचना में, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन पद्धति पर निम्नानुसार विचार किया है:

"वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "रोल में फेस्ड ग्लास वूल" है, जिसे फाइबरग्लास वूल (इंसुलेशन सामग्री) या रेजिन बॉन्डेड ग्लास वूल के रूप में भी जाना जाता है। विचाराधीन उत्पाद को कई रूपों में भारत में आयात किया जाता है जैसे कि रोल, स्लैब, शीट आदि। वर्तमान याचिका विचाराधीन उत्पाद को कवर करने का प्रयास करती है जब उन्हें रोल में भारत में आयात किया जाता है।

ग्लास वूल में कंबल और स्लैब/बोर्ड बनाने के लिए बाइंडर के साथ संयुक्त महीन कांच के फाइबर होते हैं। इस प्रक्रिया में एक फाइबराइजिंग मशीन के माध्यम से कांच को गुजरना और घूमने वाले स्पिनरों की अपकेन्द्री क्रिया द्वारा स्पिनरों से नियंत्रित तरीके से फाइबर निकालना शामिल है, बांधक को एक साथ स्प्रे किया जाता है और फिर रोल, कंबल आदि बनाने के लिए क्युरिंग ओवन के माध्यम से गुजारा जाता है।

ग्लास वूल में आम कांच बनाने वाली कच्ची सामग्री का प्रयोग किया जाता है, जिसमें आमतौर पर सिलिका रेत, सोडा राख (सोडियम कार्बोनेट), फेल्डस्पार, डोलोमाइट, चूना पत्थर और बोरेक्स पेंटा हाइड्रेट शामिल होते हैं। अन्य सामग्रियों में पुनर्नवीनीकरण कांच का कलेट और खरीदे गए शीट ग्लास का कलेट शामिल हैं। कच्चे माल को बैच मिक्सिंग प्रक्रिया में मिलाया जाता है, फिर एक विद्युत भट्टी/गैस भट्टी में एक साथ भरा जाता है जहां इसे लगभग 1500 डिग्री तक गर्म किया जाता है। भट्टी से धारा को टैप किया जाता है और इसे फोरहेर्थ नामक कंडीशनर में फीड किया जाता है जहां कांच को एक तापमान पर लाया जाता है जहां इसे फाइबराइज्ड किया जा सकता है।

उत्पाद का प्रयोग धातु और कंक्रीट भवन के निर्माण, इमारतों को शीतलन सेवाएं प्रदान करने के लिए हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम, ध्वनिक

अनुप्रयोग, जहाज निर्माण, रेलवे और ऑटोमोबाइल सहित परिवहन उद्योग में इनके प्रमुख प्रयोग होते है। उत्पाद में गैर-दहनशील और अग्नि सुरक्षित गुणों के अलावा बेहतर थर्मल और ध्वनिक निष्पादन की अंतर्निहित शक्ति है। इमारतें इस उत्पाद का प्रयोग करके उच्च ऊर्जा दक्षता प्राप्त करती हैं और इस उत्पाद के अनुप्रयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए बढ़ रहे हैं।

संबद्ध उत्पादों को अध्याय शीर्ष 70 "कांच और कांच के सामान" के तहत वर्गीकृत किया गया है। संबद्ध सामानों का आयात सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के विभिन्न उप-शीर्षों जैसे 70198000, 70199000, 70199010, 70199090, 70191900, 70193900, 70195900 आदि के तहत किया जा रहा है। किसी भी मामले में, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक उद्देश्यों के लिए है और सामानों का विवरण शुल्क लगाने और संग्रहण के लिए विद्यमान होगा।

आवेदक ने उत्पाद के विभिन्न प्रकारों/रूपों के बीच उचित तुलना के उद्देश्य से उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) को अपनाने का प्रस्ताव दिया है। आवेदक ने मोटाई, घनत्व और फेसिंग के प्रकार के आधार पर पीसीएन प्रणाली का प्रस्ताव किया है। आवेदक द्वारा सुझाई गई पीसीएन पद्धति नीचे दी गई है।

प्रस्तावित पीसीएन में, पहले दो अंक उत्पाद के घनत्व (किलोग्राम/मीटर क्यूब में) को दर्शाते हैं, अगले तीन अंक उत्पाद की मोटाई (मिलीमीटर में) को दर्शाते हैं, अगले दो अंक पहले फेसिंग के प्रकार को दर्शाते हैं और नीचे दिए गए कोड के अनुसार अंतिम दो अंक दूसरे फेसिंग के प्रकार को दर्शाते हैं। यदि कोई दूसरी फेसिंग नहीं है, तो हितबद्ध पक्षकार "00" का प्रयोग कर सकते है।"

विभिन्न फेसिंग के लिए कोडिंग इस प्रकार प्रस्तावित है:

फेसिंग का प्रकार	***पीसीएन में तद्नुरूपी संख्या***
एएलजी	*01*
बीजीसी	*02*
बीजीटी	*03*
डीएसएफएसके	*04*

फेसिंग का प्रकार	***पीसीएन में तद्नुरूपी संख्या***
एफजीटी	*05*
एफएसके	*06*
एमपीएफ	*07*
आर303 एचडी	*08*
डब्ल्यूएमपी-50	*09*
डब्ल्यूएमपी-वीआर	*10*
डब्ल्यूएमपीवीआर आर प्लस-	*11*
कोई अन्य	*12*
कोई नहीं (केवल दूसरी फेसिंग के मामले में)	*00*

उदाहरण के लिए, 12 किलोग्राम/3 घन मीटर घनत्व वाले ग्लास वूल के लिए पीसीएन, 100 मिमी की मोटाई और एफएसके की पहली फेसिंग बिना किसी दूसरी फेसिंग के 12-100-06-00 होगी।

7. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध में अपने अनुरोध दायर करने का अवसर दिया था। जांच की शुरुआत की अधिसूचना में प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर टिप्पणियां दायर करने के लिए आमंत्रित किया था। कुछ हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध पर, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध में टिप्पणियां दायर करने की समय सीमा को 10 जुलाई 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया।

8. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध में घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी टिप्पणियों की जांच की।

9. उपर्युक्त को देखते हुए, प्राधिकारी ने 25 जुलाई 2025 को विचाराधीन उत्पाद के संशोधित क्षेत्र और पीसीएन पद्धति को अधिसूचित किया। प्रतिक्रियाओं के विश्लेषण के आधार पर, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार संशोधित किया गया था:

"रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल" जिसे फाइबरग्लास वूल (इंसुलेशन सामग्री) या रेज़िन बॉन्डेड ग्लास वूल के रूप में भी जाना जाता है, में "फ्लैट/सारणीबद्ध रूप में फेस ग्लास वूल" जैसे टाइल, शीट या बोर्ड और ग्लास वूल एकॉस्टिकल सीलिंग टाइल शामिल नहीं हैं।

10. समान वस्तु के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) में निम्नलिखित प्रावधान है:

"समान वस्तु" का अर्थ उस वस्तु से है जो भारत में पाटन के कारण जांच के अंतर्गत वस्तु के सभी प्रकार से समरुप या समान है अथवा ऐसी वस्तु के न होने पर अन्य वस्तु जोकि यद्यपि सभी प्रकार से समनुरुप नहीं है परंतु जांचाधीन वस्तुओं के अत्यधिक सदृश विशेषताएं रखती हैं;

11. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देश से आयातित सामानों में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित उत्पाद भौतिक और रासायनिक गुणों, प्रकार्यों और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। भले ही संबद्ध सामानों के उत्पादन के लिए अलग-अलग विनिर्माण प्रक्रियाएं शामिल हैं, अंतिम उत्पाद में तुलनीय विनिर्देश हैं और इसका प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से किया जाता है। इसे देखते हुए, घरेलू उद्योग द्वारा बनाए गए उत्पाद को भारत में आयात किए गए उत्पाद के समान ही माना जाता है।

12. वी-एफएसके फोल्डेड के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के पास ग्राहक की आवश्यकताओं और ऑर्डर मात्रा के आधार पर, फोल्डेड फ्लेंज (वी-एफएसके फोल्डेड) के साथ विनाइल फॉइल स्क्रिम क्राफ्ट सहित किसी भी प्रकार की फेसिंग वाले उत्पादों का निर्माण करने की क्षमता है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि एक फेसिंग परत जोड़ने से विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) की बुनियादी विनिर्माण प्रक्रिया, कच्चे माल की संरचना या मूल तकनीकी निष्पादन विशेषताओं में बदलाव नहीं होता है। यह केवल उत्पादन के अंतिम चरण में किया जाने वाला एक अंतिम चरण है और इसे ग्राहक द्वारा अनुरोधित फेसिंग के प्रकार के अनुसार संशोधित किया जा सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित पीसीएन पद्धति में, पहले से ही पीसीएन "कोई अन्य (तदनुरूपी पीसीएन संख्या 12 है)" के तहत फेसिंग के किसी अन्य प्रकार

के लिए गुंजाइश है। अत: वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग के लिए अलग पीसीएन की आवश्यकता नहीं है।

13. तदनुसार, जांच में अपनाई गई पीसीएन पद्धति इस प्रकार है:

फेसिंग का प्रकार	***पीसीएन में तदनुरूपी संख्या***
एएलजी	*01*
बीजीसी	*02*
बीजीटी	*03*
डीएसएफएसके	*04*
एफजीटी	*05*
एफएसके	*06*
एमपीएफ	*07*
आर 303 एचडी	*08*
डब्ल्यूएमपी-50	*09*
डब्ल्यूएमपी-वीआर	*10*
डब्ल्यूएमपी-वीआर आर प्लस	*11*
कोई अन्य	*12*
कोई नहीं (केवल दूसरी फेसिंग के मामले में)	*00*

उदाहरण के लिए, 12 किलोग्राम/3 घन मीटर घनत्व वाले ग्लास वूल के लिए पीसीएन, 100 मिमी की मोटाई और एफएसके की पहली फेसिंग बिना किसी दूसरी फेसिंग के 12-100-06-00 होगी।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

14. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

क) अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उल्लेख किया है कि वे घरेलू उद्योग के आधार के संबंध में आवेदक के तर्क से कोई विवाद नहीं करते हैं।

घ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

15. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

क) यह आवेदन-पत्र मैसर्स यू.पी. ट्विगा फाइबरग्लास लिमिटेड द्वारा संबद्ध देश से संबद्ध सामानों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए दायर किया गया है। आवेदक ने दावा किया कि वह भारत में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक है और इसलिए नियमावली की परिधि के भीतर घरेलू उद्योग बनने के लिए स्पष्ट आधार रखता है।

ख) आवेदक ने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात नहीं किया है। आवेदक भी संबद्ध देश में विचाराधीन उत्पाद के किसी निर्यातक या आयातक से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध नहीं है। इस प्रकार, आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहहत घरेलू उद्योग बनने के लिए पात्र है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

16. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित है:

"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

17. वर्तमान मामले में यह आवेदन-पत्र घरेलू बाजार में संबद्ध सामानों के एकमात्र उत्पादक मैसर्स यू.पी ट्विगा फाइबरग्लास लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन में 100% है।

18. आवेदक ने यह भी प्रमाणित किया है कि वह न तो निर्यातकों या आयातकों से संबद्ध है और न ही इसने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात किया है। तदनुसार, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि आवेदक नियम 5(3) के तहत आधार की अपेक्षाओं को पूरा करता है और नियम 2(ख) के अभिप्राय से घरेलू है।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

19. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. आवेदक ने एक व्यापक दावा किया है कि निर्यातक ने व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अनुसार उन किसी विशिष्ट विवरणों या मापदंडों की पहचान किए बिना, जो व्यापार सूचना संख्या के तथाकथित रूप से गायब हैं या अनुरूप नहीं हैं, की पहचान किए बिना व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अनुसार अपनी प्रश्नावली के उत्तर दायर नहीं किए हैं।

ii. यह कि अन्य हितबद्ध पक्षकार ने लागू गोपनीयता आवश्यकताओं का पूरी तरह से अनुपालन किया है, और उल्लेख किए जाने पर गोपनीय के रूप में पूर्व में दावा की गई किसी भी सूचना को उचित रूप से प्रकट किया है और इसीलिए, उसके अनुरोधों को लागू व्यापार सूचनाओं और पाटनरोधी नियमावली का पूर्णत: पालन करने के रूप में माना जाना चाहिए।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

20. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. वर्तमान मामले में निर्यातकों ने व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अनुसार अपना प्रश्नावली उत्तर दायर नहीं किया है। व्यापार सूचना में आवश्यक अधिकांश

सूचना या तो निर्यातकों द्वारा नहीं दी जाती है या व्यापार सूचना के अनुसार नहीं होती है।

ii. यह कि विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दायर प्रश्नावली प्रतिक्रिया के अगोपनीय रूपांतर में उचित कारण बताए बिना गोपनीय रूपांतर में निहित सभी सूचना शामिल नहीं है। निर्यातक के लिए यह अनिवार्य था कि वह कारणों का उचित विवरण दे कि गोपनीयता का दावा क्यों किया गया और कुछ सूचनाओं के लिए सार क्यों संभव नहीं था।

iii. निर्यातकों न केवल सार्थक प्रतिक्रिया देने में विफल रहे हैं, बल्कि उन्होंने ऐसी अत्यधिक गोपनीयता का दावा करने के लिए कोई कारण भी नहीं दिया है। उत्तरों के साथ संलग्न परिशिष्टों में कोई सार्थक अगोपनीय उत्तर नहीं है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

21. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच निम्नानुसार की गई है:

22. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया। सूचना की गोपनीयता के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान है:

"(1) नियम 6 के उप नियमावली (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को अनुरोध किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना अनुरोध करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश अनुरोध करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी

सूचना अनुरोध करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण अनुरोध करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

23. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, जहां भी आवश्यक था, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। इस अनुरोध के संबंध में कि अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने उत्तरों में कुछ सूचना का प्रकटन करने में विफल रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों ने उनके द्वारा दावा की गई गोपनीयता को सही ठहराया है। इसके अलावा, ऐसी सूचना के गैर-प्रकटीकरण के कारण घरेलू उद्योग के हित को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

च. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

24. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. निर्यातक (मैसर्स ग्लास रॉक) ने अनुरोध किया कि अधिनियम की धारा 9क (1) के स्पष्टीकरण (ग) के अनुसार, सामान्य मूल्य निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए भेजे जाने पर समान वस्तु के लिए व्यापार की साधारण प्रक्रिया में तुलनीय कीमत है। चूंकि निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली प्रतिक्रिया दायर की है, इसलिए निर्यातक के लिए पाटन और क्षति मार्जिन का निर्धारण उक्त प्रश्नावली प्रतिक्रिया के आधार पर किया जाना चाहिए।

ii. मैसर्स ग्लास रॉक, "निजी मुक्त क्षेत्र" व्यवस्था के तहत काम करता है। यह निवेश व्यवस्था निवेश गारंटी और प्रोत्साहन पर 1997 के कानून संख्या 8 के तहत सिद्ध की गई है, जिसे 2015 के कानून संख्या 17 द्वारा संशोधित किया गया है, और बाद में इसे 2017 के कानून संख्या 72 ("निवेश कानून") द्वारा निरस्त और प्रतिसिद्ध किया गया है। इस व्यवस्था के तहत काम करने वाली कंपनियों को मिस्र के नियमित घरेलू सीमा शुल्क क्षेत्र के भीतर काम करने वालों से भिन्न माना जाता है।

iii. इसलिए, मिस्र के घरेलू बाजार में खपत के लिए बेचे गए विचाराधीन उत्पाद से जुड़े लेनदेन के लिए, मैसर्स ग्लास रॉक द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया इस प्रकार है:

(क) घरेलू ग्राहक पहले अल-अक्सा को खरीद आदेश देता है।
(ख) रिकॉर्ड के आयातक के रूप में कार्य करते हुए, अल-अक्सा तब लागू मिस्र के मुक्त क्षेत्र और सीमा शुल्क विनियमों के अनुसार ग्राहक को वाणिज्यिक बीजक जारी करता है।
(ग) इसके बाद, मैसर्स ग्लास रॉक ग्राहक को सामान का निर्माण, निरीक्षण और वितरण करता है और आवश्यक तकनीकी, लॉजिस्टिक और बिक्री के बाद सहायता प्रदान करता है।

iv. इस संरचना का पालन मिस्र के कानूनी ढांचे द्वारा मुक्त क्षेत्र कंपनियों से आयात को विनियमित करने की वैधानिक आवश्यकता का अनुपालन करने के लिए मैसर्स ग्लास रॉक द्वारा किया जाता है। अल-अक्सा की भूमिका उल्लिखित कानूनों द्वारा अपेक्षित बीजक कार्य करने तक सीमित है, जबकि सभी मूल वाणिज्यिक, तकनीकी और प्रचालन कार्य सीधे मैसर्स ग्लास रॉक द्वारा किए जाते हैं। इसके अलावा, मैसर्स ग्लास रॉक ग्राहकों को घरेलू बिक्री बीजक जारी करने के लिए अल-अक्सा को ***% कमीशन का भुगतान करता है।

v. घरेलू बिक्री चैनल के संबंध में अल-अक्सा के माध्यम से बीजक में वितरक या व्यापारी की कोई भागीदारी नहीं होती है, लेकिन यह केवल मिस्र के कानून द्वारा अनिवार्य एक अनुपालन तंत्र है ताकि मुक्त क्षेत्र कंपनियां घरेलू बाजार तक पहुंच सकें। अंतर्निहित बिक्री प्रभावी रूप से मैसर्स ग्लास रॉक और अंतिम प्रयोक्ता के बीच है, जिसमें अल-अक्सा कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के

लिए रिकॉर्ड के कानूनी आयातक के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा, अल-अक्सा मैसर्स ग्लास रॉक का संबद्ध पक्षकार नहीं है और इसलिए, वर्तमान जांच में इसकी प्रतिभागिता असंगत नहीं है। साथ ही, मैसर्स ग्लास रॉक ने अंतिम ग्राहक को बिक्री कीमत प्रदान की है।

vi. मिस्र के घरेलू बाजार में मैसर्स ग्लास रॉक द्वारा विचाराधीन उत्पाद की बिक्री और भारत को निर्यात के लिए मैसर्स ग्लास रॉक द्वारा की गई बिक्री के वाणिज्यिक स्तरों में अंतर है। यह अंतर सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतों की तुलना को प्रभावित करता है। घरेलू बिक्री सीधे मैसर्स ग्लास रॉक द्वारा अंतिम प्रयोक्ताओं को की जाती है जबकि भारत को निर्यात असंबद्ध आयातकों या वितरकों को किया जाता है।

vii. व्यापार के स्तर ("एलओटी") की अवधारणा समायोजन एक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त पहलू है जिसे सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के बीच उचित तुलना सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है, जैसा कि विश्व व्यापार संगठन पाटनरोधी करार ("एडीए") के अनुच्छेद 2.4 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध । के पैरा 6 (i) के तहत अपेक्षित है।

viii. पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4 में यह प्रावधान है कि:

> *"निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच एक उचित तुलना की जाएगी। यह तुलना व्यापार के समान स्तर पर, सामान्य रूप से कारखानागत स्तर पर की जाएगी। प्रत्येक मामले में, औचित्य के आधार पर उन अंतरों के लिए उचित अनुमति दी जागी जो बिक्री के निबंधनों और शर्तों, कराधान, व्यापार के स्तरों, मात्राओं, भौतिक विशेषताओं और किसी भी उन अंतरों सहित कीमत तुलनीयता को प्रभावित करते हैं, जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करने के लिए दर्शाए जाते हैं।"*

ix. इसके अलावा, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 6 (i) में निम्नलिखित उल्लेख है:

"6. (i) पाटन मार्जिन निकालते समय, निर्दिष्ट प्राधिकारी निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच उचित तुलना करेंगे। यह तुलना व्यापार के समान स्तर,

सामान्य रूप से कारखानागत स्तर पर और उसी समय यथासंभव निकटता के स्तर पर की गई बिक्री के संबंध में की जाएगी। प्रत्येक मामले में, औचित्य के आधार पर उन अंतरों के लिए उचित अनुमति दी जागी जो बिक्री के निबंधनों और शर्तों, कराधान, व्यापार के स्तरों, मात्राओं, भौतिक विशेषताओं और किसी भी उन अंतरों सहित कीमत तुलनीयता को प्रभावित करते हैं, जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करने के लिए दर्शाए जाते हैं।"

x. मिस्र में घरेलू बिक्री चैनल और भारत को किए जाने वाले शिपमेंट के लिए निर्यात बिक्री चैनल के बीच एक स्पष्ट और ठोस अंतर मौजूद है।

xi. मैसर्स ग्लास रॉक प्राइवेट फ्री जोन व्यवस्था के तहत काम करता है और उपरोक्त कानून के अनुसार, ग्राहक मैसर्स ग्लास रॉक से विचाराधीन उत्पाद तब तक नहीं खरीद सकते जब तक कि वे आयात रजिस्टर के तहत पंजीकृत न हों और उनके पास वैध आयात लाइसेंस न हो।

xii. मैसर्स ग्लास रॉक ने जांच की अवधि के दौरान भारत में दो असंबद्ध आयातकों को विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। विशेष रूप से, मैसर्स ग्लास रॉक ने भारत में विचाराधीन उत्पाद की बिक्री और वितरण के लिए जीएपीएल (आयातक) के साथ वितरण करार किया है। इसके अलावा, कुछ मात्राएं बीएम इंसुलेशन प्राइवेट लिमिटेड (आयातक) को भी निर्यात की गई हैं, जिसने भारत में ग्राहकों और अंतिम प्रयोक्ताओं को विचाराधीन उत्पाद बेचा है। वितरण करार की शर्तों के तहत, जीएपीएल भारत में बाजार विकास और निचले स्तर की बिक्री प्रचालनों की पूरी जिम्मेदारी लेता है।

xiii. तदनुसार, भारत में सभी विपणन, बिक्री और वितरण कार्य जिनमें बाजार विकास, ग्राहक पहुंच, बिक्री वार्ता और डिलीवरी का समन्वय शामिल है, मैसर्स ग्लास रॉक की किसी भी प्रत्यक्ष भागीदारी के बिना, स्वतंत्र रूप से जीएपीएल और बीएम इंसुलेशन द्वारा किया जाता है।

xiv. इसके विपरीत, मिस्र के घरेलू बाजार में, मैसर्स ग्लास रॉक अपने स्वयं के सभी मुख्य बिक्री और विपणन कार्यों को करता है, जिसमें ग्राहकों की पहचान करना, बिक्री पर बातचीत करना और उसे पूरा करना, बीजक और रसद का प्रबंधन करना और बिक्री के बाद सहायता प्रदान करना शामिल है। इस प्रकार घरेलू लेनदेन एक ऐसे चरण में होता है जहां मैसर्स ग्लास रॉक स्वयं अंतिम प्रयोक्ताओं

और परियोजना ग्राहकों तक पहुंचने के लिए पूर्ण वाणिज्यिक और प्रचालनात्मक जिम्मेदारी वहन करता है।

xv. यह मैसर्स ग्लास रॉक के घरेलू और निर्यात लेनदेन के वाणिज्यिक स्तर और कार्यात्मक तीव्रता में एक स्पष्ट अंतर दर्शाता है। जबकि घरेलू कीमतों में आवश्यक रूप से विपणन, वितरण और ग्राहक सेवा से जुड़ी लागत और मार्जिन शामिल होते हैं, भारत को निर्यात कीमतें थोक या वितरक स्तर पर सिद्ध की जाती हैं, जहां ये कार्य और संबंधित लागतें असंबद्ध आयातकों द्वारा ली जाती हैं। बिक्री स्तरों में इस तरह का विचलन सीधे कीमत तुलनीयता को प्रभावित करता है, जिससे पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के नियम 6 (i) और डीजीटीआर मैनुअल के अनुच्छेद 13.15.11 के अनुसार व्यापार के स्तर में अंतर के लिए उचित छूट की आवश्यकता होती है।

xvi. तदनुसार, मैसर्स ग्लास रॉक ने अपनी घरेलू बिक्री से संबंधित आयातकों द्वारा अर्जित सकल मार्जिन की सीमा तक व्यापार समायोजन के स्तर का दावा किया है जो लगभग ***% है। मैसर्स ग्लास रॉक ने आगे अनुरोध किया कि प्राधिकारी व्यापार समायोजन के स्तर की अनुमति दे सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि मैसर्स ग्लास रॉक के पाटन मार्जिन के परिकलन में सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के बीच उचित तुलना की जाती है।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

25. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संदर्भ में निम्नानुसार प्रस्तुत किया है:

i. आवेदक ने मिस्र के लिए सामान्य मूल्य का आकलन घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, घरेलू उद्योग के अनुभव पर आधारित बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों और उचित लाभ मार्जिन के आधार पर किया है। प्राधिकारी मिस्र के उत्पादकों के रिकॉर्ड के आधार पर उनके लिए सामान्य मूल्य की गणना कर सकते हैं।

ii. निर्यात कीमत के संबंध में, आवेदक ने अपने पास उपलब्ध आयात आंकड़ों के आधार पर निर्यात कीमत का शुरुआती विवरण दिया है। हालाँकि, अंतिम जांच परिणामों के लिए, प्राधिकारी निर्यातक के अलग-अलग निर्यात कीमतों पर भरोसा

कर सकते हैं, बशर्ते निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर सच्चाई, सटीकता और पूरी तरह से दिया हो।

iii. मिस्र में घरेलू बाजार के लेन-देन के ढांचे और व्यापार के स्तर (एलओटी) में बदलाव के लिए किए गए अनुरोधों के संबंध में निर्यातक की बातें मूल रूप से गलत, असंगत हैं और उनके अपने उत्तरों से सामने आई वास्तविक स्थिति और मिस्र के कानूनी ढांचे, दोनों के विपरीत हैं।

iv. निर्यातक द्वारा किए गए अनुरोधों को रद्द किया जा सकता है क्योंकि प्रश्नावली के जवाब में, निर्यातक ने कहा था कि उन्होंने एलओटी में बदलाव का अनुरोध इस आधार पर किया था कि भारत को निर्यात के लिए गैर-संबंधित आयातकों को उनकी निर्यात बिक्री, घरेलू बाजार में मै. ग्लास रॉक द्वारा अंतिम उपयोगकर्ताओं को की गई बिक्री की तुलना में व्यापार के एक अलग स्तर पर है। मिस्र में अंतिम उपभोक्ताओं को निर्यातक द्वारा सीधे बिक्री का यह स्पष्ट दावा ही उनके एलओटी अनुरोध का आधार बना था। हालाँकि, अपनी लिखित दलीलों में, निर्यातक ने बिल्कुल विपरीत बात कही है; उनका कहना है कि निजी मुक्त क्षेत्र में होने के कारण उन्हें सीधे घरेलू बिक्री करने की मनाही है और सभी घरेलू बिक्री अल अक्सा के माध्यम से की जाती है, जो बिलिंग का काम करती है। यह नया दावा अंतिम उपयोगकर्ताओं को सीधे बिक्री करने के उनके पहले के बयान का सीधे तौर पर खंडन करता है। निर्यातक ने अपने पक्ष में एलओटी बदलाव पाने के इरादे से प्राधिकारी के सामने महत्वपूर्ण तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है।

v. घरेलू बिक्री के लिए मिस्र में निर्यातक और अंतिम ग्राहकों के बीच 'अल अक्सा' एक मध्यस्थ व्यापारी के रूप में शामिल है। इससे पता चलता है कि निर्यातक की घरेलू बिक्री का स्तर भारत में व्यापारियों या वितरकों को की गई बिक्री के स्तर के बराबर है।

vi. अल अक्सा केवल वास्तविक व्यापार गतिविधि किए बिना बीजक जारी नहीं कर रहा है। जैसा कि निर्यातक द्वारा ही प्रस्तुत किया गया है कि निजी मुक्त क्षेत्र के बाहर किसी भी गतिविधि में सामान की बिक्री, आयात या व्यापार को मिस्र के कानून के तहत आयातक के रूप में पंजीकृत लाइसेंस प्राप्त इकाई द्वारा ही किया जाना चाहिए। इसलिए, अल अक्सा केवल एक बीजक इकाई नहीं हो सकती

है, बल्कि यह मिस्र के भीतर माल के आयात और व्यावसायिक रूप से पुन: बिक्री के वाणिज्यिक और कानूनी कार्य में शामिल है।

vii. निर्यातकर्ता द्वारा प्रमाणित कानूनी ढांचे के लिए आयात गतिविधि के लिए केवल "व्यापार" में लगे संस्थाओं के लिए पंजीकरण की आवश्यकता होती है, न कि केवल बीजक के लिए। यह पुष्टि करता है कि अल अक्सा ठोस व्यापार संचालन में संलग्न है, जिससे घरेलू आयातक-व्यापारी की भूमिका ग्रहण करता है।

viii. एलओटी समायोजन के अंतर्निहित सिद्धांत यह है कि कीमत तुलनीयता को प्रभावित करने वाले व्यापार स्तरों में अंतर को समायोजित किया जा सकता है यदि सत्यापन योग्य साक्ष्य के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। वर्तमान मामले में, निर्यातक के विरोधाभासी दावे, वास्तविक बिक्री संरचना का छिपाव, और एक अघोषित मध्यस्थ पर निर्भरता एलओटी अंतर की किसी भी सार्थक स्थापना को रोकती है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि निर्यातक की घरेलू बिक्री, यदि कोई है, तो "अंतिम उपयोगकर्ताओं को बिक्री" के स्तर पर नहीं है, बल्कि "एक व्यापारी/वितरक को बिक्री" के स्तर पर है। इसलिए, व्यापार स्तर के कारण किसी समायोजन पर विचार नहीं किया जा सकता है।

च.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

26. धारा 9(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(*क*) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा उपधारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं*

लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत:

(ख) परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

27. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मेसर्स ग्लास रॉक ने भारत में असंबंधित आयातकों द्वारा अर्जित सकल मार्जिन के बराबर अपनी घरेलू बिक्री के संबंध में लगभग ***% के बराबर व्यापार समायोजन का दावा किया है। मेसर्स ग्लास रॉक ने प्रस्तुत किया कि यह "निजी मुक्त क्षेत्र" व्यवस्था के तहत काम करता है, जिसके तहत संस्थाओं को मिस्र के नियमित घरेलू सीमा शुल्क क्षेत्र के भीतर काम करने वाली संस्थाओं से अलग माना जाता है। मिस्र के घरेलू बाजार में खपत के लिए नियत पी यू सी से जुड़े लेनदेन के लिए, मेसर्स ग्लास रॉक द्वारा निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाता है:

- *घरेलू ग्राहक अल-अक्सा को खरीद आदेश जारी करता है;*
- *अल-अक्सा, रिकॉर्ड के आयातक के रूप में कार्य करते हुए, मिस्र के मुक्त क्षेत्र और सीमा शुल्क नियमों के अनुसार घरेलू ग्राहक को वाणिज्यिक बीजक जारी करता है;*
- *मेसर्स ग्लास रॉक ग्राहक को सामान का निर्माण, निरीक्षण और वितरण करता है, साथ ही सभी तकनीकी लॉजिस्टिक और बिक्री में सहायता भी प्रदान करता है*

28. मेसर्स ग्लास रॉक ने दावा किया है कि अल-अक्सा की भूमिका बीजक कार्यों को पूरा करने तक सीमित है, जबकि सभी मूल वाणिज्यिक, तकनीकी और परिचालन गतिविधियां सीधे मेसर्स ग्लास रॉक द्वारा की जाती हैं। मेसर्स ग्लास रॉक ने आगे कहा कि वह घरेलू बिक्री के संबंध में बीजक जारी करने के लिए अल-अक्सा को ***% कमीशन का भुगतान करता है। यह भी तर्क दिया गया है कि अल-अक्सा के माध्यम से बीजक वितरणकर्ता या व्यापारी की भागीदारी को प्रतिबिंबित नहीं करता है, बल्कि मुक्त क्षेत्र व्यवस्था के तहत काम करने वाली संस्थाओं के लिए घरेलू बाजार तक पहुंचने के लिए

मिस्र के कानून के तहत अनिवार्य अनुपालन तंत्र के रूप में कार्य करता है। तदनुसार, अंतर्निहित लेनदेन प्रभावी रूप से मेसर्स ग्लास रॉक और अंतिम उपयोगकर्ता के बीच है, जिसमें अल-अक्सा कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रिकॉर्ड के आयातक के रूप में कार्य करता है।

29. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी समझौते के अनुच्छेद 2.4 के प्रावधानों के अनुसार, अंतर के लिए अनुमति दी जाएगी जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करते हैं। इसलिए, निर्यातक को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता थी कि लगातार कीमत में अंतर था, चाहे खरीदार अंतिम उपयोगकर्ता हो या व्यापारी और इससे मूल्य तुलनीयता प्रभावित होती है। निर्यातक ने ऐसा स्थापित नहीं किया है और इस खाते पर कोई साक्ष्य नहीं दिया है।

30. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर लॉट समायोजन के लिए निर्यातक के दावे की सावधानीपूर्वक जांच की है। यह अच्छी तरह से स्थापित है कि एलओटी समायोजन के लिए पात्रता स्थापित करने का भार पूरी तरह से निर्यातक पर निर्भर करता है, जिसे स्पष्ट और सत्यापन योग्य साक्ष्य के माध्यम से प्रदर्शित करना होगा कि घरेलू और निर्यात लेनदेन के बीच व्यापार स्तरों में वास्तविक अंतर मौजूद है, कि ऐसा अंतर मूल्य तुलनीयता को भौतिक रूप से प्रभावित करता है।

31. प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातक अपने लॉट समायोजन दावे को योग्यता के आधार पर प्रमाणित करने में विफल रहा है। घरेलू स्तर पर कथित रूप से किए गए विशिष्ट बिक्री कार्यों, उससे जुड़े लागतों, या जिस तरीके से ऐसे कार्य निर्यात लेनदेन में किए गए कार्यों से सार्थक रूप से भिन्न हैं, को प्रदर्शित करने के लिए कोई सत्यापन योग्य दस्तावेजी साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। समकालीन साक्ष्यों के बिना केवल दावों के आधार पर एल ओ टी का समायोजन नहीं किया जा सकता।

च. 3.1 सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण

मिस्र के लिए सामान्य मूल्य

<u>मेसर्स ग्लास रॉक इंसुलेशन कंपनी एसएई, एक्सपोर्टर के लिए सामान्य मूल्य</u>

32. मेसर्स ग्लास रॉक इंसुलेशन कंपनी एस ए ई ("ग्लास रॉक" या "निर्यातक") ने पी ओ आई के दौरान भारत को पी यू सी का निर्यात किया है। ग्लास रॉक ने पी ओ आई के

दौरान मिस्र के घरेलू बाजार में विचाराधीन उत्पाद की भी बिक्री की। इसलिए, प्राधिकारी ने पी ओ आई के दौरान विचाराधीन उत्पाद की घरेलू बिक्री के आधार पर मेसर्स ग्लास रॉक के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

33. एमएस ग्लास रॉक ने जांच की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में [***] एमटी संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है और इसने उसी अवधि के दौरान भारत को [***] एमटी संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि भारत को निर्यात की तुलना में घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

34. प्राधिकारी ने एकमात्र भाग लेने वाले निर्यातक मेसर्स ग्लास रॉक से निर्यातक प्रश्नावली प्रतिक्रिया में किए गए दावों के सत्यापन के लिए परिशिष्ट 1, 3क, 4क, 6 और 7 के संबंध में कई अवसरों पर सहायक और सत्यापन दस्तावेज मांगे और व्यावहारिक कठिनाइयों और इसके ई आ रपी सिस्टम के एकीकरण के कारण निर्यातक द्वारा किए गए अनुरोधों पर कई विस्तार दिए। हालांकि निर्यातक ने समय-समय पर कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए, लेकिन प्राधिकारी ने प्रस्तुत की गई जानकारी में लगातार और भौतिक कमियों को देखा। निर्यातकर्ता पूर्ण सत्यापन दस्तावेज, ईआरपी/एसएपी स्क्रीनशॉट, लेखांकन रिकॉर्ड, बिक्री रजिस्टर, उत्पादन रिकॉर्ड, कच्चे माल की खपत का विवरण, लागत आंकड़ों, मालसूची मूल्यांकन कार्य और भारत को घरेलू बिक्री और निर्यात में दावा किए गए समायोजन के लिए सहायक साक्ष्य, जिसमें माल भाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन और अन्य खर्च शामिल हैं, प्रदान करने में विफल रहा।

35. प्राधिकारी ने आगे नोट किया है कि कई अनुरोध स्व-प्रमाणित, अधूरी, परीक्षण शेष या वित्तीय विवरणों के साथ ठीक से जुड़े हुए नहीं थे, और कुछ मामलों में, निर्धारित समय सीमा से परे प्रस्तुत किए गए थे। प्राधिकारी द्वारा बार-बार कमी पत्रों, अनुस्मारकों, विस्तारों और अंतिम अवसरों के बावजूद, जिसमें यह स्पष्ट करने का अवसर भी शामिल है कि इसकी प्रतिक्रिया को अस्वीकार क्यों नहीं किया जाना चाहिए, 19 मई 2026 को, निर्यातक जांच के लिए आवश्यक पूर्ण और सत्यापन योग्य जानकारी प्रस्तुत करने में विफल रहा। इसलिए, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि निर्यातक उचित अवधि के भीतर अपेक्षित जानकारी प्रदान करने में विफल रहा, जांच में महत्वपूर्ण बाधा उत्पन्न की, और अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग नहीं किया। तदनुसार, सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित की गई वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 के नियम 6(8) के संदर्भ में, अनुबंध-।। के तहत,

प्राधिकारी ने निर्धारण के उद्देश्य से उपलब्ध तथ्यों पर भरोसा किया है और मेसर्स ग्लास रॉक को अलग पाटन मार्जिन नहीं देने का निर्णय किया है।

<u>किसी अन्य उत्पादक/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य</u>

36. अन्य सभी निर्यातकों और असहयोगी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य नियम 6(8) के संदर्भ में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

मिस्र के लिए निर्यात कीमत

<u>ग्लास रॉक इंसुलेशन कंपनी एस.ए.ई., एक्सपोर्टर की निर्यात कीमत</u>

37. ग्लास रॉक ने निम्नलिखित चैनल के माध्यम से भारत को संबद्ध वस्तुओं का [***] मी.ट. निर्यात किया है:

ग्लास रॉक → आयातक/वितरक → भारत में असंबद्ध ग्राहक

38. प्राधिकारी नोट करते हें कि निर्यातक ने भारत को बिक्री के संबंध में परिशिष्ट-3क में बताए गए समायोजन को प्रमाणित करने के लिए अपना दावा प्रमाणित करने का पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद भी कोई सहायक साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है। ग्लास रॉक प्राधिकारी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है। इसलिए, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि ग्लास रॉक को कोई व्यक्तिगत पाटन मार्जिन नहीं दिया जाएगा।

<u>किसी अन्य उत्पादक/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत</u>

39. असहयोगी निर्यातकों और अन्य सभी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियम 6(8) के संदर्भ में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है।

च. 3.2 पाटन मार्जिन

40. ऊपर निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन निम्नानुसार है:

पाटन मार्जिन तालिका

क्र.सं.	उत्पादक का नाम	सामान्य मूल्य	निर्यात कीमत	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन
		(अम.डॉ./मी.ट)	(अम.डॉ./मी.ट)	(अम.डॉ./मी.ट)	(%)	(Range)
मिश्र						
1.	मिस्र गणराज्य से सभी उत्पादक/निर्यातक	***	***	***	***	65-75

छ. क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

41. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटन का मात्र अस्तित्व पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए पर्याप्त नहीं है, और प्राधिकारी को नियम 11 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II में भौतिक क्षति के अस्तित्व और संबद्ध आयात और ऐसी क्षति के बीच एक कारणात्मक संबंध स्थापित करना चाहिए। इस मामले में मिस्र से आयात के कारण घरेलू उद्योग को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

ii. यह कि घरेलू उद्योग का क्षति विश्लेषण मिस्र से आयात की मात्रा और आयात के लिए पहुंच कीमत आंकड़ों दोनों में गंभीर तथ्यात्मक अशुद्धियों के कारण मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण है। घरेलू उद्योग द्वारा भरोसा किए गए आंकड़े मिस्र के एकमात्र निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सत्यापित आंकड़ों के साथ असंगत हैं, और इसलिए अपूर्ण और अविश्वसनीय अनुमानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। निर्यातक ने आगे तर्क दिया कि बताई गई पहुंच कीमतें अविश्वसनीय उतार-चढ़ाव दिखाती हैं और वास्तविक लेनदेन आंकड़ों द्वारा समर्थित नहीं हैं। तदनुसार, इस तरह के गलत आंकड़ों के आधार पर कोई भी क्षति या कीमत प्रभाव विश्लेषण विकृत और बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाएगा, और प्राधिकारी को इसके बजाय सटीक और वस्तुनिष्ठ निर्धारण के लिए सत्यापित निर्यातक आंकड़ों पर भरोसा करना चाहिए।

iii. यह कि घरेलू उद्योग ने 2022-23 में असामान्य रूप से उच्च लाभ अर्जित किया, जो सामान्य परिस्थितियों को प्रतिबिंबित नहीं कर सकता है। इसलिए,

प्राधिकारी इसके कारणों की जांच कर कर सकते हैं और उचित विश्लेषण के लिए तदनुसार आंकड़ों का आकलन कर सकते हैं।

iv. यह कि एक ही उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग द्वारा दायर दो याचिकाओं के बीच असंगतियां हैं। संदर्भ में दो कार्यवाहियां चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फेसड ग्लास वूल के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा और मिस्र के मूल के अथवा वहां से निर्यात किए गए रोल्स में फेसड ग्लास वूल के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच हैं। जबकि निर्णायक समीक्षा में, घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी शुल्क के कारण बेहतर प्रदर्शन का दावा किया, लेकिन वर्तमान मामले में, यह जांच की उसी अवधि के दौरान क्षति का दावा करता है। ये विरोधाभासी स्थितियां आंकड़ों को अविश्वसनीय बनाती हैं, और प्राधिकारी क्षति निर्धारित करने के लिए ऐसी जानकारी पर भरोसा करने से पहले स्पष्टीकरण मांग सकते हैं और स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं।

v. क्षति की अवधि के अधिकांश समय के लिए मिस्र से आयात बहुत कम रहा और घरेलू उद्योग पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए बहुत कम था। घरेलू बिक्री और उत्पादन में गिरावट मिस्र से आयात की प्रवृत्ति से मेल नहीं खाती है और चीन जैसे अन्य देशों से उच्च आयात से अधिक संभावना है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि पी ओ आई के दौरान मिस्र से आयात में बताई गई वृद्धि विश्वसनीय आंकड़ों द्वारा समर्थित नहीं है। मिस्र से आयात ने घरेलू उद्योग की बिक्री या बाजार हिस्सेदारी को प्रभावित नहीं किया है और इसलिए इसे क्षति का कारण नहीं माना जा सकता है।

vi इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि मिस्र से आयात के कारण कीमत ह्रास या न्यूनीकरण हुआ है, क्योंकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतें आम तौर पर इस अवधि में इसकी लागत से ऊपर या उसके अनुरूप रही हैं। मार्जिन में किसी भी मामूली बदलाव को सामान्य व्यावसायिक कारकों जैसे ब्याज लागत में वृद्धि, कीमतह्रास, आंतरिक मूल्य निर्धारण निर्णय और मालसूची प्रबंधन के कारण माना गया था, न कि आयात के दबाव के कारण। आयात के कम सी आई एफ कीमत का अर्थ पाटन नहीं है, क्योंकि शुल्क और अन्य शुल्क पहुंच कीमत को बढ़ाते हैं। यह भी प्रस्तुत किया गया है कि प्रमुख आर्थिक संकेतक मिस्र से आयात से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं दिखाते हैं। अधिकांश अवधि के दौरान मिस्र के आयात की बाजार हिस्सेदारी बहुत कम रही और घरेलू उद्योग की स्थिति को प्रभावित

करने के लिए अपर्याप्त थी। प्रदर्शन में कोई भी परिवर्तन, जिसमें बिक्री या लाभप्रदता शामिल है, अन्य कारकों जैसे कि अन्य देशों से प्रतिस्पर्धा या आंतरिक व्यावसायिक समायोजन के लिए जिम्मेदार था। तदनुसार, मिस्र से आयात के कारण कोई मूल्य प्रभाव या समग्र क्षति नहीं होती है।

vii. यह कि मिस्र से आयात और घरेलू उद्योग को किसी भी कथित क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है। निर्यातक ने तर्क दिया कि घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में कोई भी बदलाव अन्य कारकों जैसे कि अन्य देशों से आयात में वृद्धि, आंतरिक व्यापार निर्णयों और लागत से संबंधित कारकों के कारण है, न कि मिस्र से आयात के कारण। यह भी प्रस्तुत किया गया कि आयात और कथित क्षति के बीच किसी स्पष्ट संबंध के अभाव में, ए डी नियमावली के तहत आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया जाता है। तदनुसार, मिस्र से आयात के कारण हुई क्षति का दावा प्रमाणित नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाना चाहिए।

viii. ग्लासवूल उत्पादों की घरेलू बिक्री में गिरावट आवेदक के अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के भीतर आंतरिक प्रतिस्थापन से भी उत्पन्न हो सकती है। आवेदक ग्लासवूल और रॉकवूल दोनों का निर्माण करता है, जो कई अनुप्रयोगों में कार्यात्मक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं, विशेष रूप से छत और एच वी ए सी प्रणालियों के लिए थर्मल इन्सुलेशन में। इसलिए, यह संभव है कि ग्लासवूल की बिक्री में आवेदक की कमी रॉकवूल की बिक्री में वृद्धि से ऑफसेट हो गई थी, जिससे समग्र व्यवसाय के किसी भी कथित नुकसान को बेअसर कर दिया गया था।

ix. इस संबंध में, आवेदक के रॉकवूल डिवीजन की बिक्री और लाभप्रदता के रुझानों की एक व्यापक जांच की जानी चाहिए, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि ग्लासवूल की बिक्री में कथित गिरावट आंतरिक उत्पाद प्रतिस्थापन का परिणाम है या प्रतिस्पर्धी आयात का। मिस्र से आयात के लिए स्व-निर्मित बाजार समायोजन के गलत आरोप को रोकने के लिए ऐसी सत्यापन आवश्यक है।

x. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत लगातार लागत पर या उससे ऊपर बनी रहती है, जो कीमत ह्रास का कोई प्रमाण नहीं दर्शाती है। मिस्र से आयात के कारण कीमत ह्रास, न्यूनीकरण या कीमत कटौतीका कोई प्रमाण नहीं है।

xi. घरेलू उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि जांच की अवधि के दौरान पीबीटी, पीबीआईटी और आरओआई में भारी गिरावट मुख्य रूप से आंतरिक वित्तीय और

लेखांकन कारकों विशेष रूप से, ब्याज लागत और मूल्यह्रास शुल्क में भारी वृद्धि का परिणाम है।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

42. घरेलू उद्योग ने क्षति और कारणात्मक संबंध के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद के आयात में क्षति की अवधि की तुलना में वृद्धि देखी गई है। भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में आयात में भी वृद्धि देखी गई है।

ii. मांग में संबद्ध देश की बाजार हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है जबकि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आ रही है।

iii. आयात की मात्रा और पहुंच मूल्य के लिए गलत आंकड़ों पर भरोसा करने के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के आवेदन के संबंध में, घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया कि प्राधिकारी किसी भी मामले में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की गणना के उद्देश्य से निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सत्यापित जानकारी पर भरोसा करेंगे इसलिए इसके निर्धारण के लिए सरकारी एजेंसी से आयात डेटा के साथ निर्यातक द्वारा उठाया गया तर्क गलत है।

iv. यह भी स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग ने बिक्री प्राप्ति और लाभप्रदता में गिरावट का अनुभव किया है।

v. आगे यह भी प्रस्तुत किया गया है कि जब अनुलग्नक में उल्लिखित सभी आर्थिक संकेतकों, जैसे बिक्री, उत्पादन, क्षमता उपयोग, लाभप्रदता और आर ओ सी ई की समग्र रूप से जांच की जाती है और क्षति दिखाई देती है, तो घरेलू उद्योग के दावे रिकॉर्ड पर मौजूद आंकड़ों द्वारा पूरी तरह से समर्थित हैं। इसके अलावा समग्र आयात महत्वपूर्ण बना हुआ है और कीमत पर ह्रासकारी प्रभाव डालता है, जिससे घरेलू उद्योग बढ़ी हुई लागतों से उबर नहीं पाता है।

vi आर्थिक मापदंडों से पता चलता है कि लाभ में काफी गिरावट आई है, कीमत में कटौती के कारण बिक्री कीमत बढ़ाने की क्षमता सीमित हो गई है, और मालसूची बढ़ रही है, जो सभी पाटित किए गए आयात के कारण होने वाली भौतिक क्षति की पुष्टि करते हैं।

vii. यह दलील कि घरेलू उद्योग को रॉक वूल या अन्य प्रतिस्पर्धी उत्पाद से प्रतिस्पर्धा के कारण नुकसान हुआ है, तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है। हालांकि विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) और रॉक वूल के बीच सीमित डिग्री की

विनिमेयता मौजूद है, लेकिन प्रदर्शन विशेषताओं, अंतिम उपयोग अनुप्रयोगों या उपभोक्ता प्राथमिकताओं के संदर्भ में दोनों उत्पाद पूरी तरह से प्रतिस्थापनीय नहीं हैं।

viii. पीयूसी और रॉक वूल के बीच का अंतर क्षति की जांच अवधि के दौरान लगातार आयात रुझानों से भी स्पष्ट है। कथित प्रतिस्पर्धा के बावजूद, संबद्ध वस्तुओं के आयात में निरपेक्ष रूप से और भारत में उत्पादन और खपत के सापेक्ष उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री में एक साथ गिरावट देखी गई है। इस तरह की प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि यह संबद्ध देश से पाटित किए गए आयात हैं जिन्होंने घरेलू उद्योग के प्रदर्शन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है, न कि रॉक वूल से प्रतिस्पर्धा को।

ix. इसके अलावा, संबद्ध वस्तुओं की समग्र मांग ने क्षति की जांच की अवधि के दौरान स्थिर वृद्धि दिखाई है, जिससे इस संभावना से इनकार किया गया है कि घरेलू उद्योग के प्रदर्शन में गिरावट को मांग में संकुचन या रॉक वूल द्वारा प्रतिस्थापन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। रिकॉर्ड पर साक्ष्य इसलिए प्रदर्शित करते हैं कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति सीधे तौर पर अन्य सामग्रियों से प्रतिस्पर्धा के बजाय संबद्ध देश से पीयूसी की बढ़ी हुई मात्रा और कम कीमत वाले आयात से जुड़ी है।

x. हितबद्ध पक्षों ने कहा है कि पाटित किए गए आयात और घरेलू उद्योग को क्षति लगने के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है। इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने कहा कि घरेलू उद्योग को पाटित किए गए आयात के कारण क्षति हो रही है। किसी भी हितबद्ध पक्षकारों ने रिकॉर्ड में कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि कैसे घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से पाटन के अलावा अन्य कारकों के कारण क्षति हुई है। केवल बिना साक्ष्य के दावे किए गए हैं।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

43. एडी नियमावली का नियम 11 एडी नियमों के अनुलग्नक के साथ पढ़ा जाता है कि क्षति निर्धारण में घरेलू उद्योग को क्षति का संकेत देने वाले कारकों की जांच शामिल होगी,

".... पाटित किए गए आयात की मात्रा, घरेलू बाजार में समान वस्तुओं की कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयात के परिणामस्वरूप प्रभाव सहित सभी प्रासंगिक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए....

44. इसके अलावा, कीमतों पर पाटित किए गए आयात के प्रभाव पर विचार करते हुए, यह जांच करना आवश्यक माना जाता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित किए गए आयात द्वारा महत्वपूर्ण कीमत कटौती हुई है, या क्या ऐसे आयात का प्रभाव अन्यथा कीमतों को महत्वपूर्ण डिग्री तक कम करने या कीमत वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा महत्वपूर्ण डिग्री तक हुई होगी। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित किए गए आयात के प्रभाव की जांच के लिए, उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन के परिमाण और मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सूचकांकों को नियमों के अनुलग्नक में शामिल किया गया है।

45. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि क्षति के सभी मापदंडों में गिरावट दिखाई दे। कुछ मापदंड गिरावट दिखा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य नहीं दिखा सकते हैं। प्राधिकारी सभी क्षति मापदंडों पर विचार करते हैं और उसके बाद यह निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति हुई है या नहीं।

46. प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के लिए डी जी सी आई एंड एस से आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है।

47. जहां तक यह अनुरोध है कि रॉक वूल विचाराधीन उत्पाद के बाजार को प्रतिस्थापित कर रहा है, यह ध्यान दिया जाता है कि ग्लास वूल और रॉक वूल अलग-अलग उत्पाद हैं और उन्हें अलग-अलग कच्चे माल की आवश्यकता होती है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि कुछ अनुप्रयोगों को छोड़कर प्रतिस्थापनीयता सीमित है। यह नोट किया गया है कि हितबद्ध पक्षकारों यह प्रमाणित करने में विफल रहे हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति रॉकवूल/स्टोनवूल के कारण हुई है।

48. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतिवादों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा किया गया विश्लेषण सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई विभिन्न प्रस्तुतियों को संबोधित करता है।

छ. 3.1 पाटित किए गए आयात का मात्रात्मक प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

i. <u>मांग का आकलन</u>

49. पाटित किए गए आयात की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित किए गए आयात में एक महत्वपूर्ण वृद्धि या तो पूर्ण

रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष हुई है, । मांग को सभी घरेलू उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी देशों से आयात के योग के रूप में निर्धारित किया गया है।

विवरण	**यू ओ एम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पी ओ आई**
मिश्र से आयात	मी.ट.	57	83	40	342
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	716	1,879	1,962	1,532
कुल आयात	मी.ट.	773	1,962	2,002	1,874
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	108	90	90
कुल मांग/ खपत	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	124	108	107

** डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों के अनुसार आयात, घरेलू उद्योग के आंकड़ों के अनुसार घरेलू उद्योग की बिक्री*

50. उपरोक्त तालिका से यह ज्ञात होता है कि वर्ष 2022-23 में संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है और यह आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2023-24 और पी ओ आई में अधिक है। यह भी ध्यान दिया जाता है कि पिछले वर्षों की तुलना में पी ओ आई में संबद्ध देश से आयात में काफी वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग की बिक्री में वर्ष 2022-23 में वृद्धि देखी गई है, लेकिन वर्ष 2023-24 में गिरावट आई है और फिर पी ओ आई में लगभग स्थिर रही है।

ii. <u>निरपेक्ष और सापेक्षिक रूप से आयात</u>

51. पाटित किए गए आयात की मात्रा के संबंध में, यह विचार करना आवश्यक है कि क्या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष या पूर्ण रूप से पाटित किए गए आयात में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। क्षति की अवधि में आयात की मात्रा इस प्रकार थी:

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
संबद्ध आयात	मी.ट.	57	83	40	342
अन्य आयात	मी.ट.	716	1,879	1,962	1,532
कुल आयात	मी.ट.	773	1,962	2,002	1,874

संबंधित आयात के संबंध में					
घरेलू उत्पादन	%	***%	***%	***%	***%
घरेलू उत्पादन	रैंज	0-10%	0-10	0-10	0-10
मांग/खपत	%	***%	***%	***%	***%
मांग/खपत	रैंज	0-10%	0-10	0-10	0-10
कुल आयात	%	***%	***%	***%	***%
कुल आयात	Range	0-10%	0-10%	0-10%	10-20%

** डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों के अनुसार आयात, घरेलू उद्योग के आंकड़ों के अनुसार घरेलू उत्पादन*

52. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

i. आधार वर्ष की तुलना में पी ओ आई में संबद्ध देश से आयात में काफी वृद्धि हुई है।

ii. घरेलू उद्योग के उत्पादन के सापेक्ष संबद्ध देश से आयात आधार वर्ष में से बढ़कर पी ओ आई में हो गया।

iii. मांग के सापेक्ष संबद्ध देश से आयात आधार वर्ष में से बढ़कर पी ओ आई में हो गया।

छ. 3.2 पाटित किए गए आयातों का कीमत प्रभाव

53. नियमों के अनुबंध II(ii) के संदर्भ में, पाटित किए गए आयात के कीमतों पर प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित किए गए आयात द्वारा भारत में समान उत्पाद की तुलना में कीमतों में महत्वपूर्ण कटौती की गई है, या क्या ऐसे आयात का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी हद तक कम करने या कीमत वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा काफी हद तक हो गई होती।

क. कीमत में कटौती

54. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रहा है, प्राधिकारी ने आयात की पहुंच कीमत की तुलना घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति से की है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

विवरण	यूओएम	**पीओआई**
निवल बिक्री प्राप्ति	रू / मी.ट.	***
पहुंच कीमत	रू / मी.ट.	89,021
कीमत कटौती	रू / मी.ट.	***
कीमत कटौती	%	***%
कीमत कटौती	रेंज	80-90

* डीजीसीआई और एस आंकड़ों के अनुसार पहुंच मूल्य, घरेलू उद्योग आंकड़ों के अनुसार निवल बिक्री प्राप्ति

55. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयात की कीमत घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति से कम है। संबद्ध देश से कीमत कटौती न केवल सकारात्मक है, बल्कि महत्वपूर्ण भी है।

ख. कीमत ह्रास और न्यूनीकरण

56. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित किए गए आयात घरेलू कीमतों को महत्वपूर्ण हद तक कम कर रहे हैं या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमत को महत्वपूर्ण हद तक कम करना है या कीमत में वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य क्रम में हुई होती, प्राधिकारी ने क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और निवल बिक्री प्राप्ति में परिवर्तन की जांच की है।

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
पहुंच मूल्य	₹/मी.ट.	84,510	1,19,789	1,04,110	89,021
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	142	123	105
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	105	118	118
बिक्री की लागत	₹/मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	91	104	121

** डीजीसीआई और एस आंकड़ों के अनुसार पहुंच कीमत, घरेलू उद्योग आंकड़ों के अनुसार निवल बिक्री प्राप्ति और बिक्री की लागत*

57. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयात का पहुंच मूल्य लगातार घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है।

58. यह भी नोट किया जाता है कि हालांकि क्षति की अवधि के दौरान निवल बिक्री प्राप्ति और बिक्री की लागत में वृद्धि हुई, लेकिन निवल बिक्री प्राप्ति में वृद्धि नहीं हुई। बिक्री की लागत में वृद्धि के समान अनुपात में नहीं। इस प्रकार, घरेलू उद्योग बिक्री की लागत में वृद्धि के बावजूद अपने बिक्री कीमत को बढ़ाने में सक्षम नहीं था। यह भी नोट किया गया है कि पूरे क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति से कम है।

छ. 3.3 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

59. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में पाटित किए गए आयात के संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर परिणामी प्रभाव की वस्तुनिष्ठ जांच शामिल होगी। संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामस्वरूप प्रभाव के संबंध में, नियमों में आगे यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित किए गए आयात के प्रभाव की जांच में बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सेदारी, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता के उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सभी प्रासंगिक आर्थिक कारकों और सूचकांकों का एक निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव। तदनुसार, क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग के प्रदर्शन की जांच की गई है।

ग उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री

60. क्षति की अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार था:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
स्थापित क्षमता	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
उत्पान (पीयूसी)	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	108	92	91
क्षमता उपयोग	%	***%	***%	***%	***%
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	117	106	98

घरेलू बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	108	90	90
निर्यात बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	155	168	175
आबद्ध खपत	मी.ट.	Nil	Nil	Nil	Nil
प्रवृति	सूचीबद्ध	Nil	Nil	Nil	Nil

* घरेलू उद्योग के आंकड़ों के अनुसार आंकड़े

61. यह नोट किया गया है कि क्षति की अवधि में उत्पादन और घरेलू बिक्री दोनों में गिरावट आई है। यह भी नोट किया गया है कि क्षति की अवधि में क्षमता उपयोग में मामूली कमी आई है।

घ. <u>मांग में बाजार हिस्सेदारी</u>

62. आयात, घरेलू बिक्री और घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी का विवरण निम्नानुसार है:

विवरण	यूओएम	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	पीओआई
घरेलू उद्योग	%	***%	***%	***%	***%
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	87	83	84
संबद्ध देश	%	***%	***%	***%	***%
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	117	66	564
अन्य देश	%	***%	***%	***%	***%
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	212	253	200

63. प्राधिकारी ने उल्लेख किया है कि क्षति की अवधि में संबद्ध देश की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।

64. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी क्षति की अवधि में मामूली वृद्धि के साथ कम हो गई है। यह आधार वर्ष की तुलना में पी ओ आई में कम है।

65. आधार वर्ष की तुलना में पी ओ आई में अन्य देशों की बाजार हिस्सेदारी में काफी वृद्धि हुई है।

ड. <u>मालसूची</u>

66. संबद्ध वस्तुओं की सूची से संबंधित आंकड़ों को निम्नलिखित तालिका में दिखाया गया है।

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
औसत मालसूची	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	109	259	340

* घरेलू उद्योग के आंकड़ों के अनुसार मालसूची

67. उपरोक्त से, प्राधिकारी नोट करते हें कि आधार वर्ष की तुलना में पीओआई में घरेलू उद्योग की सूची में काफी वृद्धि हुई है।

च. रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी

68. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित जानकारी की जांच की है, जैसा कि नीचे दिया गया है:

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	101	120	116
प्रति दिन उत्पादकता	मी.ट./दिन	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	112	94	94
प्रति कर्मचारी उतपादकता	मी.ट./संख्या	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	114	86	84
वेतन एवं मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	100	75	99

* घरेलू उद्योग के डेटा के अनुसार आंकड़े

69. यह नोट किया गया है कि क्षति की अवधि में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है और 2023-24 की तुलना में पी ओ आई में थोड़ी गिरावट आई है। उन्हें दिए जाने वाले वेतन में 2023-24 में गिरावट आई है, उसके बाद पीओआई में वृद्धि हुई है।

छ. लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

70. वास्तविक लाभ/हानि के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन का विश्लेषण, नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
बिक्री की लागत	**₹/**मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	91	104	121
निवल बिक्री प्राप्ति	**₹/**मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	105	118	118
लाभ / (हानि)	**₹/**मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	644	613	19
लाभ / (हानि)	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	694	550	17
नकद लाभ	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	426	355	63
नियोजित पूंजी पर आय	%	***%	***%	***%	***%
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	576	872	48

** घरेलू उद्योग के आंकड़ों के अनुसार आंकड़े*

71. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में 2022-23 में काफी सुधार हुआ और 2023-24 में यह उच्च स्तर पर बना रहा। हालाँकि, पी ओ आई में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में काफी गिरावट आई।

72. यह नोट किया जाता है कि क्षति की अवधि में बिक्री की लागत बढ़ गई है और यह पीओआई में सबसे अधिक थी।

73. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पी ओ आई में घरेलू उद्योग का आर ओ सी ई काफी कम था।

ज. <u>वृद्धि</u>

74. प्राधिकारी नोट करते हैं कि लाभप्रदता के साथ-साथ आर ओ सी ई के संदर्भ में घरेलू उद्योग में नकारात्मक वृद्धि हुई थी।

विवरण	**यूओएम**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
स्थापित क्षमता	%	0%	0%	0%
उत्पादन	%	8%	-15%	-1%

घरेलू बिक्री	%	8%	-17%	0.5%
प्रति इकाई लाभ / (हानि)	%	544%	-5%	-97%
नकद लाभ	%	326%	-17%	-82%
नियोजित पूंजी पर आय	%	476%	51%	-95%

झ. <u>पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता</u>:

75. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने 2020 में अंतिम जांच परिणामों में चीन जन.गण. के खिलाफ मूल जांच में उपाय लागू होने के बाद लाभ अर्जित किया है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि बाजार में काफी कम कीमत वाले आयात की उपस्थिति ने किसी भी अतिरिक्त क्षमता विस्तार के लिए निवेश बढ़ाने की उसकी क्षमता को प्रभावित किया है। यह प्रस्तुत किया गया है कि यदि वर्तमान परिदृश्य जारी रहता है, तो इसका निवेश अत्यधिक अप्रयुक्त रहने की संभावना है और कोई नया निवेश नहीं आएगा।

झ. <u>पाटन की मात्रा</u>:

76. पाटन का परिमाण एक संकेतक है कि पाटित किए गए आयात घरेलू उद्योग को किस हद तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। विश्लेषण से पता चलता है कि संबद्ध देश के लिए पाटन मार्जिन काफी अधिक है।

ट <u>घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक:</u>

77. यह नोट किया जाता है कि क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध आयात की पहुंच कीमत संबद्ध वस्तुओं के बिक्री कीमत से कम है। घरेलू उद्योग बाजार में उत्पाद का एकमात्र घरेलू उत्पादक है। बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित किए गए आयात का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, आयात की कीमत बिक्री की लागत और घरेलू उद्योग के एन आई पी से भी कम है। इसने घरेलू उद्योग को बिक्री लागत में वृद्धि के बावजूद अपनी कीमतें नहीं बढ़ाने के लिए विवश किया है।

78. प्राधिकारी ने आगे नोट किया है कि भारत में संबद्ध वस्तुओं की बढ़ती मांग है। संबद्ध देश से आयात कीमत घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को सीधे प्रभावित कर रहा है। यह भी नोट किया गया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत से कम है। इसके अलावा, संबद्ध देश से पहुंच कीमत ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर ह्रास/न्यूनकारी प्रभाव डाला है जिससे उन्हें

वित्तीय नुकसान हुआ है। इस प्रकार, मिस्र से आयातित वस्तुओं ने घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित किया है।

छ. 3.3 क्षति पर विश्लेषण

79. उपरोक्त के आधार पर, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि:

i. भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में भी संबद्ध आयात की मात्रा में निरपेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।

ii. संबद्ध आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर दिया है।

iii. संबद्ध देश से आयात की पहुंच कीमत लगातार घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है।

iv. क्षति की अवधि के दौरान निवल बिक्री प्राप्ति और बिक्री की लागत में वृद्धि हुई; निवल बिक्री प्राप्ति में वृद्धि नहीं हुई। बिक्री की लागत में वृद्धि के समान अनुपात में वृद्धि नहीं हुई। बिक्री की लागत में वृद्धि के बावजूद घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत बढ़ाने में सक्षम नहीं था।

v. क्षति की अवधि के दौरान पूरे घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना में पहुंच मूल्य कम रहा है।

vi वर्ष 2022-23 में संबद्ध वस्तुओं की मांग बढ़ गई है और आधार वर्ष की तुलना में 2023-24 और पीओआई में अधिक बनी हुई है। पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में पीओआई में संबद्ध देश से आयात में काफी वृद्धि हुई है।

vii. क्षति की अवधि में उत्पादन और घरेलू बिक्री दोनों में गिरावट आई है।

viii. घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है और जांच की अवधि में यह उच्चतम थी।

ix. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में 2022-23 में काफी सुधार हुआ और 2023-24 में यह उच्च स्तर पर बनी रही। हालांकि, पी ओ आई में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में काफी गिरावट आई।

x. घरेलू उद्योग का आर ओ सी ई जांच की अवधि में काफी कम था।

xi. संबद्ध देश के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

<u>क्षति मार्जिन</u>

80. प्राधिकारी ने यथासंशोधित, अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत निर्धारित की है। जांच की अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर संबद्ध सामानों की क्षतिरहित कीमत निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देशों से पहुंच कीमत की तुलना के लिए क्षतिरहित कीमत पर विचार किया गया

है। क्षतिरहित कीमत का निर्धारण करने के लिए क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग द्वारा कच्ची सामग्री, यूटिलिटियों और उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन की लागत पर कोई असाधारण या गैर-आवर्ती व्यय नहीं लगाया गया था। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (यानी, औसत निवल स्थायी परिसंपत्तियां और औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित आय (कर-पूर्व @ 22%) को नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित क्षतिरहत कीमत निकालने के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी और इसे अपनाया जा रहा है।

81. असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देश के अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुंच कीमत निर्धारित की है।

82. ऊपर निर्धारित पहुंच कीमत और क्षतिरहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है और इसे नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

<u>क्षति मार्जिन तालिका</u>

क्र.सं.	**उत्पादक का नाम**	**क्षतिरहित कीमत**	**पहुंच कीमत**	**क्षति मार्जिन**	**क्षति मार्जिन**	**क्षति मार्जिन**
		(यूएसडॉ./एमटी)	(यूएसडॉ./एमटी)	(यूएसडॉ./एमटी)	(%)	(रेंज)
मिस्र						
1.	मिस्र के सभी उत्पादक/निर्यातक	***	***	***	***	30-40

ज. <u>कारणात्मक संपर्क</u>

ज.1 गैर-आपरोण विश्लेष्ण और कारणात्मक संपर्क

83. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों की क्षति की मौजूदगी, मात्रा और कीमत प्रभावों की जांच करने के बाद, प्राधिकारी ने जांच की है कि क्या घरेलू उद्योग को पाटित आयातों को छोड़कर किसी भी कारक के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जैसा कि नियमावली के तहत सूचीबद्ध है:

क) तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमत

84. चीन को को छोड़कर असंबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात नगण्य है और इससे घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हो सकती। जहां तक चीन जन.गण से आयात का संबंध है, डीजीटीआर ने मौजूदा शुल्क को 5 साल की अवधि के लिए बढ़ाने की

सिफारिश की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देश की पहुंच कीमत असंबद्ध देश, यानी चीन जन.गण. की पहुंच कीमत से कम है।

ख) मांग में संकुचन और खपत के पैटर्न में परिवर्तन

85. संबंधित उत्पाद की मांग में कोई संकुचन नहीं हुआ है। इसलिए, मांग में गिरावट घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने का एक संभावित कारण नहीं है।

ग) खपत का पैटर्न

86. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना से उपभोक्ता प्राथमिकताओं में बदलाव का संकेत नहीं मिलता है क्योंकि ग्राहकों ने घरेलू उद्योग से खरीद जारी रखी है और साथ ही विचाराधीन उत्पाद का आयात भी किया है।

घ) व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां और विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा

87. ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां नहीं है, जिसने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने में योगदान दिया होगा क्योंकि कच्ची सामग्री और संबद्ध सामान मुक्त रूप से आयात योग्य हैं।

ड.) प्रौद्योगिकी में विकास:

88. संबंधित उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है। अत: प्रौद्योगिकी में विकास भी घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने वाला कारक नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान भारत में उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा उत्पादित और निर्यातित सामानों की समान वस्तु समान है।

च) घरेलू उद्योग की उत्पादकता

89. यह नोट किया जाता है कि पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की उत्पादकता लगभग समान रही है।

छ) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

90. यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने केवल घरेलू उद्योग के घरेलू निष्पादन पर विचार किया है। अत:, निर्यात बाजार में निष्पादन ने किसी भी तरह से वर्तमान क्षति विश्लेषण को प्रभावित नहीं किया है।

91. इस प्रकार यह नोट किया जाता है कि सूचीबद्ध ज्ञात अन्य कारक यह नहीं दिखाते हैं कि घरेलू उद्योग को इन अन्य कारकों के कारण क्षति हुई होगी।

झ. <u>घरेलू उद्योग के हित और अन्य मुद्दे</u>

झ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

92. भारतीय उद्योग के हित के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. ग्लास वूल के लिए भारतीय बाजार में एकल घरेलू उत्पादक, यू.पी ट्विगा फाइबरग्लास लिमिटेड का प्रभुत्व है, जो निर्विवाद और लगभग एकाधिकार स्थिति रखता है। बाजार में न्यूनतम प्रतिस्पर्धी संतुलन बनाए रखने में मिस्र से आयात एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 2024 के दौरान, मिस्र से कुल आयात लगभग 392 एमटी था, जो घरेलू उत्पादक की वार्षिक बिक्री का केवल 3.27% था। इस तरह की सीमांत हिस्सेदारी आर्थिक रूप से महत्वहीन है और एक प्रमुख बाजार स्थिति रखने वाले उत्पादक पर कोई वास्तविक क्षति पहुंचाने में स्पष्ट रूप से अक्षम है। क्षति पहुंचाने के बजाय, इस तरह के सीमित आयात अत्यधिक कीमत निर्धारण को कम करने और उचित बाजार व्यवहार को बढ़ावा देने का काम करते हैं। यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो घरेलू उत्पादक को असीमित मूल्य निर्धारण शक्ति का लाभ मिलेगा, प्रतिस्पर्धा समाप्त होगी और अंततः उपभोक्ता और सार्वजनिक हित को नुकसान होगा।

ii. जीएपीएल जैसे छोटे और वैध एमएसएमई आयातकों के माध्यम से मिस्र से प्रतिस्पर्धी कीमत वाले आयात की उपस्थिति बाजार में कीमत निर्धारण की मात्रा सुनिश्चित करती है और निचले स्तर के उद्योगों विशेष रूप से निर्माण, एचवीएसी और औद्योगिक इन्सुलेशन क्षेत्रों को किफायती इनपुट तक पहुंच प्रदान करती है।

iii. ग्लास वूल इन्सुलेशन ऊर्जा संरक्षण और दक्षता में सीधे योगदान देने वाली एक महत्वपूर्ण सामग्री है। इस तरह के इन्सुलेशन उत्पादों को व्यापक रूप से अपनाने से भारत वैश्विक ढांचे के तहत ऊर्जा दक्षता और जलवायु जिम्मेदारी पर अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं की दिशा में प्रगति कर सकता है। मिस्र से ग्लास वूल के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का अनपेक्षित परिणाम लागत में वृद्धि और इस प्रकार पर्यावरण के लिए लाभकारी उत्पाद की खपत में कमी होगी।

iv. इसके विपरीत, कम मात्रा वाले, प्रतिस्पर्धी कीमत वाले आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से आपूर्ति स्रोत संकुचित हो जाएंगे, उपभोक्ता विकल्प प्रतिबंधित हो जाएंगे और एक ही कंपनी में बाजार शक्ति समेकित हो जाएगी। यह परिणाम न तो पाटनरोधी कानून के उद्देश्य को पूरा करेगा, जिसका उद्देश्य उचित व्यापार को बहाल करना है, न ही इसे प्रतिबंधित करना है और न ही सार्वजनिक हित के विचारों के साथ संरेखित करना है।

v. मिस्र से आयात की नगण्य मात्रा और केवल जांच की अवधि में और घरेलू बाजार पर उनके महत्वहीन प्रभाव को ध्यान में रखते हुए शुल्क लगाने की अवधि पांच साल से कम तक सीमित होनी चाहिए। एक वर्ष के आयात के आधार पर 5 वर्षों के लिए पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करना सार्वजनिक हित में नहीं होगा।

झ.2 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

93. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उत्पादकों के पास लगभग 100% भारतीय मांग को पूरा करने की क्षमता है।

ii. प्रस्तावित शुल्क का अंतिम उत्पाद कीमत पर 1% से भी कम प्रभाव पड़ेगा, जो आर्थिक रूप से नगण्य है और निचले स्तर के प्रयोक्ताओं या उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगा।

झ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

94. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार परिपाटियों द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को ठीक करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुले और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा का माहौल बन सके। पाटनरोधी उपायों को लगाना संबद्ध देशों से आयात को मनमाने ढंग से कम करने के लिए नहीं बनाया गया है। बल्कि, यह एक समान अवसर सुनिश्चित करने की एक प्रणाली है।

95. ये शुल्क भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा को हानि नहीं पहुंचाते हैं। इसके बजाय, वे कंपनियों को पाटित कीमतों पर सामान बेचकर अनुचित लाभ प्राप्त करने से रोकते हैं। पाटनरोधी उपाय उचित व्यापार की रक्षा करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ताओं को इन उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच जारी रहे।

96. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारतीय उद्योग को एक समान अवसर मिलेगा जिससे प्रयोक्ता उद्योग को भारतीय उद्योग से खरीदने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी और बाहर जाने वाली विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा।

97. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि किसी भी पक्षकार ने निचले स्तर के उत्पाद की कीमत पर प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के बारे में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं।

98. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात प्रतिबंधित नहीं होता है, बल्कि यह सुनिश्चित होता है कि आयात उचित कीमतों पर किया जाए। इसके अतिरिक्त, पाटनरोधी शुल्क एक उपचारात्मक उपाय है जो भारत में आयात के पाटन के कारण घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने पर केंद्रित है। पाटनरोधी शुल्क लगाने से देश में आपूर्ति की कमी नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि आयात संबद्ध देश के अलावा अन्य स्रोतों से भी किया जा सकता है।

99. प्राधिकारी यह पाते हैं कि सार्वजनिक हित पर प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में तर्कों को विश्वसनीय साक्ष्य और मात्रात्मक विश्लेषण द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। समर्थित आंकड़ों के बिना सामान्य दावे सार्वजनिक हित के निर्धारण का आधार नहीं बन सकते हैं।

100. प्राधिकारी नोट करते हैं कि सार्वजनिक हित के निर्धारण के लिए घरेलू उद्योग, प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों के हितों को संतुलित करने की आवश्यकता है। प्राधिकारी उचित प्रतिस्पर्धा, सामानों की उपलब्धता और समग्र आर्थिक कल्याण पर प्रभाव पर विचार करते हैं।

101. प्राधिकारी ने सार्वजनिक हित के संबंध में सभी अनुरोधों पर विचार किया है और नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का मूल उद्देश्य घरेलू उद्योग को अनुचित व्यापार परिपाटियों के कारण होने वाली क्षति को समाप्त करना है ताकि भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा स्थापित की जा सके।

ञ. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

ञ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

102. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटन पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. प्रकटन विवरण पाटनरोधी नियमावली के नियम 16 की आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहा है और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, विशेष रूप से *ऑडी अल्टरम पार्टेम* के सिद्धांत का, जिससे वर्तमान प्रकटन अभ्यास मौलिक रूप से दोषपूर्ण हो जाता है।

ii. विनाइल एफएसके फेसिंग वाले ग्लास वूल को उत्पाद क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए या मार्जिन गणना के लिए घरेलू उद्योग के विचाराधीन उत्पाद के साथ साथ विनाइल एफएसके फेसिंग वाले निर्यातित विचाराधीन उत्पाद की तुलना करनी चाहिए। फोल्डेड फ्लेंज "वी-एफएसके फोल्डेड" वाले विनाइल फ़ॉइल स्क्रिम क्राफ्ट के संबंध में, प्राधिकारी ने निष्कर्ष निकाला है कि घरेलू उद्योग के पास ऐसे उत्पादों के निर्माण की क्षमता है। लेकिन घरेलू उद्योग द्वारा वास्तविक वाणिज्यिक उत्पादन और व्यापारी बिक्री के संबंध में कोई निष्कर्ष प्रदान नहीं किया गया है। प्राधिकारी ने व्यापार उपचार जांच के लिए परिचालन परिपाटियों के मैनुअल के पैरा 3.10 का खंडन किया है, जिसके लिए केवल विनिर्माण क्षमता के बजाय वास्तविक उत्पादन और वाणिज्यिक बिक्री की आवश्यकता होती है।

iii. निर्यातक का नाम, अर्थात ग्लास रॉक इंसुलेशन कंपनी एसएई का नाम, पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और शुल्क तालिका में अलग से उल्लेख किया जाना चाहिए, न कि इसे "मिस्र से सभी उत्पादक/निर्यातक" की अवशिष्ट श्रेणी में दर्शाया जाना चाहिए, क्योंकि निर्यातक मिस्र से संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक और निर्यातक है और उसने पूरी जांच के दौरान सक्रिय रूप से सहयोग किया है। निर्यातक ने कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लिया, प्रश्नावली के उत्तर दायर किए, कमीपूर्ण पत्रों का उत्तर दिया है, समय-समय पर सूचना और सहायक दस्तावेज प्रस्तुत किए है और अपनी क्षमता के अनुसार प्राधिकारी के साथ सहयोग करने के लिए निरंतर प्रयास किए।

iv. निर्यातक ने अनुरोध किया है कि वह एकीकृत लेखांकन, ईआरपी, या एसएपी प्रणाली नहीं रखता है, और इसके बजाय आंतरिक रूप से बनाए रखे गए रिकॉर्ड और व्यवसाय के सामान्य क्रम में तैयार किया गया एक्सेल-आधारित संकलन के माध्यम से उत्पादन, मालूसची, खपत, लागत और वित्तीय सूचना रिकॉर्ड करता है। परिणामस्वरूप, जांच के दौरान अनुरोध की गई प्रणाली आधारित रिपोर्ट, ईआरपी स्क्रीनशॉट और स्वचालित डेटाबेस उद्धरण उपलब्ध नहीं हैं, जो किसी भी सहयोग की कमी या सूचना को रोकने के बजाय कंपनी की रिकॉर्ड रखने की परिपाटियों का परिणाम है।

v. निर्यातक ने आगे यह भी उल्लेख किया है कि सूचना कंपनी द्वारा उचित रूप से बनाए रखे गए सर्वोत्तम उपलब्ध रिकॉर्ड पर आधारित थी। उसने यह भी तर्क दिया कि यदि प्राधिकारी सामान्य कीमत निर्धारण या निर्यात कीमत समायोजन के किसी भी पहलू को अपर्याप्त रूप से प्रमाणित मानते हैं, तो उपलब्ध तथ्यों का अनुप्रयोग केवल उन विशिष्ट तत्वों तक ही सीमित होना चाहिए। निर्यातक ने यह भी तर्क दिया कि मिस्र से भारत में निर्यात किए गए संबद्ध सामानों के वास्तविक सीआईएफ आयात कीमतों की अवहेलना करने का कोई आधार नहीं है, क्योंकि ये नमूना निर्यात बीजकों द्वारा समर्थित हैं और भारतीय सीमा शुल्क आंकड़ों के माध्यम से सत्यापित किए जा सकते हैं। चूंकि वास्तविक सीआईएफ कीमत और आयात मात्रा रिकॉर्ड पर उपलब्ध है, इसलिए तदनुरूपी पहुंच मूल्य को वस्तुनिष्ठ रूप से निर्धारित किया जा सकता है, और इसलिए उपलब्ध तथ्यों का कोई भी अनुप्रयोग क्षति मार्जिन विश्लेषण के लिए पहुंच मूल्य के निर्धारण तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

vi. मिस्र के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए अपनाई गई पद्धति का प्रकटन किया जाना चाहिए। यह प्रकटन निर्यातक को अंतिम जांच परिणाम जारी करने से पहले प्राधिकारी के प्रस्तावित निर्धारण के आधार पर समझने और टिप्पणी करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है।

vii. अधिकांश क्षति अवधि के लिए संबद्ध देश से आयात नगण्य रहा और घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति पहुंचाने में वाणिज्यिक रूप से अक्षम था। तथापि, प्रकटन विवरण इस बात की जांच नहीं करता है कि कैसे कुल आयात और घरेलू मांग का केवल एक महत्वहीन हिस्सा आयात कथित क्षति का कारण बन सकता है, न ही यह निर्यातकों के अनुरोधों को हल करता है। ऐसी जांच के अभाव में, प्रस्तावित कारणात्मक संपर्क अप्रमाणित रहता है।

viii. यह अनुरोध किया जाता है कि प्रकटन विवरण से संबद्ध देश से आयात के कारण किसी भी कीमत ह्रास अथवा कीमत न्यूनीकरण की मौजूदगी सिद्ध नहीं होती है। घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत लगातार लागत से ऊपर या उसके करीब बनी हुई है, जो कीमत ह्रास का कोई प्रमाण नहीं दर्शाता है।

ix. यह कि प्राधिकारी संबद्ध आयात की मात्रा और कीमत प्रभावों और अन्य देशों से आयात के प्रभाव की पर्याप्त जांच करने में विफल रहे थे। यह भी तर्क दिया गया है कि क्षति विश्लेषण ने संबद्ध आयात और घरेलू उद्योग के निष्पादन

मापदंडों के बीच कोई सह-संबंध सिद्ध नहीं किया। आगे यह तर्क दिया गया है कि रॉक वूल उत्पादों से प्रतिस्पर्धा, आंतरिक व्यापार निर्णय, अधिग्रहण के बाद पोर्टफोलियो पुनर्गठन, और अन्य बाजार से संबंधित कारकों ने क्षति और गैर-आरोपण विश्लेषण के वैकल्पिक कारण थे, जिसकी पर्याप्त जांच नहीं की गई थी।

x. निर्यातक ने अनुरोध किया है कि जांच की अवधि के बाद के घटनाक्रम, जिनमें अधिग्रहण, क्षमता विस्तार और घरेलू उद्योग के मूल समूह यानी सेंट-गोबेन द्वारा किए गए नए निवेश शामिल हैं, इन्सुलेशन व्यवसाय में निरंतर वृद्धि, लाभप्रदता और विश्वास का संकेत देते हैं। यह तर्क दिया जाता है कि इस तरह के घटनाक्रम निरंतर वास्तविक क्षति के दावे के साथ असंगत हैं और क्षति और कारणात्मक संपर्क का आकलन करते समय प्राधिकारी द्वारा जांच की जानी चाहिए थी।

xi. निर्यातक संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र उत्पादक और निर्यातक है। याचिका ने सभी आयातों को केवल तीन पीसीएन में गलत तरीके से वर्गीकृत किया और वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग के साथ फेस ग्लास वूल के आयात को डब्ल्यूएमपी-50/डब्ल्यूएमएसजी-50 उत्पादों के रूप में माना, जबकि निर्यातक ने जांच की अवधि के दौरान किसी भी डब्ल्यूएमपी-50/डब्ल्यूएमएसजी-50 फेसिंग उत्पादों का निर्यात नहीं किया था। इस गलत वर्गीकरण ने कीमत कटौती, क्षति मार्जिन और पाटन मार्जिन के पीसीएन-वार विश्लेषण को विकृत कर दिया है। वी-एफएसके फोल्ड और डब्ल्यूएमपी-50/डब्ल्यूएमएसजी-50 के फलक अपनी सामग्री संरचना, संरचनात्मक डिजाइन, सुदृढीकरण और निष्पादन विशेषताओं में काफी भिन्न होते हैं। वी-एफएसके फोल्ड में विनाइल फ़ॉइल, फाइबरग्लास स्क्रीम और क्राफ्ट बैकिंग का उपयोग किया जाता है, जबकि डब्ल्यूएमपी-50/डब्ल्यूएमएसजी-50 में मेटलाइज्ड पॉलीप्रोपाइलीन/पॉलिएस्टर फेसिंग सिस्टम का उपयोग किया जाता है। ये उत्पाद विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं, अनुप्रयोगों और निष्पादन विनिर्देशों को पूरा करते हैं और वास्तविक रूप से अलग-अलग कीमतों पर बेचे जाते हैं। इसलिए, वी-एफएसके फोल्डेड आयात को डब्ल्यूएमपी-50/डब्ल्यूएमएसजी-50 उत्पादों के रूप में मानने से उत्पाद-से-उत्पाद की तुलना गलत और विकृत हो जाती है।

ञ.2 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

103. घरेलू उद्योग ने प्रकटन पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि निर्यातक की प्रतिक्रिया को सही ढंग से नजरअंदाज किया गया है क्योंकि निर्यातक सत्यापन के लिए अपनी सूचना उपलब्ध कराने में विफल रहा और इसलिए, उसके आंकड़े विश्वसनीय नहीं है।

ii. यह भी अनुरोध किया गया है कि प्रकटन विवरण जारी होने के बाद निर्यातक द्वारा दायर किए गए किसी भी नए आंकड़ों, सूचना या संशोधित अनुरोधों को प्राधिकारी द्वारा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

iii. इस चरण में नई सूचना की स्वीकृति उचित प्रक्रिया के सिद्धांतों और डीजीटीआर द्वारा कई जांचों में अपनाई गई सुसंगत परिपाटी के विपरीत होगी, जिसमें प्रकटन विवरण साक्ष्य रिकॉर्ड को बंद कर देता है और हितबद्ध पक्षकारों को केवल तथ्यों और निष्कर्षों पर टिप्पणी करने का अवसर प्रदान करता है जो पहले से ही प्रकट किए गए हैं।

ञ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

i. प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 16 के अनुपालन का आकलन इस आधार पर किया जाना है कि क्या हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन आवश्यक तथ्यों की सूचना दी गई थी और उन्हें अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने का उचित अवसर दिया गया था। वर्तमान जांच में, प्रकटन विवरण ने इस उद्देश्य को पूरा किया और हितबद्ध पक्षकारों को प्रभावी ढंग से सुने जाने के अपने अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाया। प्राधिकारी ने रिकॉर्ड में रखे गए सभी अनुरोधों, साक्ष्यों और टिप्पणियों पर विधिवत विचार किया है, जिसमें प्रकटन विवरण के अनुसार दायर किए गए भी शामिल हैं, और इन अंतिम जांच परिणामों में संगत मुद्दों को हल किया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी इस तर्क में कोई औचित्य नहीं पाते हैं कि नियम 16 या प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई उल्लंघन हुआ है।

ii. नियम 16 के तहत आवश्यकता यह है कि हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन आवश्यक तथ्यों के बारे में सूचित किया जाना चाहिए, जिसने प्राधिकारी के निर्णय का आधार बनाया है और अंतिम जांच परिणाम जारी करने से पहले उस पर टिप्पणी करने का उचित अवसर दिया जाना चाहिए। वर्तमान जांच में,

प्राधिकारी ने इन आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और कार्यवाही के हर चरण में पूर्ण पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित की है।

iii. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर ध्यान दिया, वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग वाले उत्पादों को शामिल करने की जांच के दौरान विस्तार से की गई थी, जबकि विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन पद्धति के क्षेत्र को अंतिम रूप दिया गया था और बाद में प्रकटन विवरण में हल किया गया था। प्राधिकारी ने रिकॉर्ड में रखे गए अनुरोधों और साक्ष्य पर विचार किया है और उन्हें कोई नई सूचना नहीं मिली है जो उसके पहले के निर्धारण पर पुनर्विचार करने के लिए आवश्यक हो। प्राधिकारी का यह मानना जारी है कि विचाराधीन उत्पाद और जांच में अपनाई गई पीसीएन पद्धति उचित तुलना और पाटन और क्षति मार्जिन के निर्धारण के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त है।

iv. प्राधिकारी नोट करते हैं कि सूचना का सत्यापन जांच प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है और सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत, पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए भरोसा किए गए आंकड़ों की सटीकता और विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए आवश्यक है। वर्तमान मामले में, प्राधिकारी व्यक्तिगत मार्जिन के निर्धारण के लिए आवश्यक सूचना को सत्यापित करने में असमर्थ हैं। ऐसी परिस्थितियों में, उत्पादक/निर्यातक को कार्यवाही में उसकी भागीदारी के आधार पर व्यक्तिगत पाटन और क्षति मार्जिन के निर्धारण के प्रयोजनों के लिए सहयोगी नहीं माना जा सकता है।

v. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि उपलब्ध तथ्यों का अनुप्रयोग आवश्यक हो जाता है जहां निर्धारण के लिए आवश्यक सूचना सत्यापन योग्य नहीं है। उपलब्ध तथ्यों पर निर्भरता की सीमा प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है और इसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा सुझाए गए तरीके से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, जहां व्यक्तिगत मार्जिन के निर्धारण के लिए आवश्यक अंतर्निहित सूचना सत्यापन योग्य नहीं है, वहां प्राधिकारी निर्यातक विशिष्ट मार्जिन निर्धारित करने या व्यक्तिगत शुल्क दरों की सिफारिश करने की स्थिति में नहीं हैं।

vi. वास्तविक सीआईएफ निर्यात कीमतों और आयात मात्रा के प्रयोग के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पहुंच मूल्य, पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन रिकॉर्ड

में उपलब्ध सत्यापित और विश्वसनीय सूचना के आधार पर किए गए एकीकृत मूल्यांकन का हिस्सा हैं। केवल कुछ आयात संबंधी सूचना की उपलब्धता, अपने आप में, व्यक्तिगत मार्जिन या व्यक्तिगत शुल्क दरों के निर्धारण की गारंटी नहीं देती है जहां समग्र निर्धारण के लिए आवश्यक सूचना अप्रमाणित रहती है। तदनुसार, प्राधिकारी को अनुरोधों में कोई औचित्य नहीं मिलता है और नियमावली के प्रावधानों और रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार कार्यवाही की है।

vii. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जांच की है और नोट करते हैं कि सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए अपनाई गई पद्धति के प्रकटन का अनुरोध गलत है। जैसा कि इन जांच परिणामों में उल्लेख किया गया है, उत्पादक/निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सूचना को सत्यापित नहीं किया जा सका और इसलिए, उत्पादक/निर्यातक को मार्जिन के व्यक्तिगत निर्धारण के लिए पात्र नहीं माना गया है। मिस्र के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए अपनाई गई पद्धति से संबंधित तर्क के संबंध में, यह उल्लेख किया जाता है कि प्राधिकारी ने एसजीए और उचित लाभ सहित घरेलू उद्योग की समायोजित लागत के आधार पर निर्मित सामान्य मूल्य पर विचार किया है। निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(8) के प्रावधानों और रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार कार्यवाही की है और पाटनरोधी नियमावली के नियम 16 के अनुसार वर्तमान निर्धारण का आधार बनाने वाले आवश्यक तथ्यों का प्रकटन किया है।

viii. क्षति और कारणात्मक संपर्क से संबंधित अनुरोधों के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के प्रावधानों के अनुसार मात्रा प्रभाव, कीमत प्रभाव, क्षति मापदंडों और कारणात्मक संपर्क की विस्तृत जांच की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति का निर्धारण अलग-अलग मापदंडों के चयनात्मक विचार पर आधारित नहीं हो सकता है और क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति के आधार पर इसका आकलन किया जाना चाहिए। प्राधिकारी ने संबद्ध देश से आयात की प्रवृत्ति, घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और घरेलू उद्योग के निष्पादन पर परिणामी प्रभाव की जांच की है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि अन्य देशों से आयात या अन्य बाजार विकास की मौजूदगी खुद ही, संबद्ध देश से पाटित आयातों के क्षतिकारक प्रभावों को नकारती नहीं है।

ix. रॉक वूल उत्पादों से प्रतिस्पर्धा और अन्य बाजार से संबंधित कारकों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इन अनुरोधों की जांच के दौरान विधिवत जांच की गई है। तथापि, यह सिद्ध करने के लिए कोई सत्यापन योग्य साक्ष्य रिकॉर्ड में नहीं रखा गया है कि ये कारक इस तरह की प्रकृति और परिमाण के थे कि पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क टूट गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि नियमावली के अनुसार गैर-आरोपण विश्लेषण किया गया है और पाटित आयातों के अलावा सभी ज्ञात कारकों की जांच की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे कारकों के कारण होने वाली क्षति को संबद्ध आयात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी को इस तर्क में कोई औचित्य नहीं मिलता है कि क्षति और कारणात्मक संपर्क विश्लेषण में कमी है या गैर-आरोपण विश्लेषण से संबंधित आवश्यकताओं को वर्तमान जांच में पूरा नहीं किया गया है।

x. वी-एफएसके फोल्डेड के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के पास ग्राहक की आवश्यकताओं और ऑर्डर मात्रा के आधार पर, फोल्डेड फ्लेंज (वी-एफएसके फोल्डेड) के साथ विनाइल फॉइल स्क्रिम क्राफ्ट सहित किसी भी प्रकार की फेसिंग के साथ उत्पादों का निर्माण करने की क्षमता है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि एक फेसिंग परत जोड़ने से विचारधीन उत्पाद (पीयूसी) की बुनियादी विनिर्माण प्रक्रिया, कच्चे माल की संरचना या मूल तकनीकी निष्पादन विशेषताओं में परिवर्तन नहीं होता है। यह केवल उत्पादन के अंतिम चरण में किया जाने वाला एक अंतिम चरण है और इसे ग्राहक द्वारा अनुरोध किए गए फेसिंग के प्रकार के अनुसार संशोधित किया जा सकता है।

xi. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन-पत्र में आयातित फेस ग्लास वूल की तुलना वी-एफएसके फोल्डेड फेसिंग और घरेलू स्तर पर उत्पादित फेस ग्लास वूल के साथ व्हाइट मेटलाइज्ड पॉलीप्रोपाइलीन-50 (डब्ल्यूएमपी-50)/ डब्ल्यूएमएसजी 50 फेसिंग के बीच केवल शुरुआत के चरण में *प्रथम दृष्टया* मूल्यांकन के लिए थी। पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन के अंतिम विश्लेषण के लिए, प्राधिकारी ने वी एफएसके आयात की तुलना जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे गए निकटतम पीसीएन के साथ की है।

ट. <u>निष्कर्ष एवं सिफारिशें</u>

104. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उसमें उठाए गए मुद्दों की जांच करने के बाद; और रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि:

i. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "रोल में फेसड ग्लास वूल" है, जिसे फाइबरग्लास वूल (इंसुलेशन सामग्री) या रेजिन बॉन्डेड ग्लास वूल के रूप में भी जाना जाता है और इसमें "फ्लैट/टेबलुलर फॉर्म में फेसड ग्लास वूल" जैसे टाइल, शीट या बोर्ड और ग्लास वूल ऑस्टिकल सीलिंग टाइल शामिल नहीं हैं।

ii. घरेलू उद्योग ने भारत में आयात की जा रही वस्तुओं के समान वस्तुओं का उत्पादन किया है।

iii. वर्तमान मामले में आवेदन-पत्र मैसर्स यू.पी ट्विगा फाइबरग्लास लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है, जो घरेलू बाजार में संबद्ध सामानों का एकमात्र उत्पादक है। आवेदक का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का 100% है।

iv. आवेदक न तो निर्यातकों या आयातकों से संबद्ध है और न ही उसने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात किया है। आवेदक नियम 5(3) के तहत आधार की अपेक्षाओं को पूरा करता है और नियम 2(ख) के अभिप्राय से घरेलू उद्योग है।

v. सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है क्योंकि मिस्र के एकमात्र सहयोगी उत्पादक को इस अंतिम जांच परिणाम के संगत शीर्ष में उल्लिखित कारणों के कारण जांच प्रक्रिया के दौरान असहयोगी माना गया है।

vi. निर्धारित पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

vii. कानूनी आवश्यकताओं और डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुसार घरेलू उद्योग के संबंध में क्षति विश्लेषण किया गया है।

viii. घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है क्योंकि:

क. भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में भी संबद्ध आयात की मात्रा में निरपेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।

ख. संबद्ध आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों की कटौती की है।

ग. संबद्ध देश से आयातों का पहुंच मूल्य लगातार घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है।

घ. क्षति की अवधि के दौरान निवल बिक्री वसूली और बिक्री की लागत में वृद्धि हुई; निवल बिक्री वसूली में वृद्धि नहीं हुई। बिक्री की लागत में वृद्धि के समान अनुपात में वृद्धि नहीं हुई। बिक्री की लागत में वृद्धि के बावजूद घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत बढ़ाने में सक्षम नहीं था।

ङ. पहुंच मूल्य पूरी क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली से कम रहता है।

च. वर्ष 2022-23 में संबद्ध सामानों की मांग बढ़ गई है और आधार वर्ष की तुलना में 2023-24 और जांच की अवधि में अधिक बनी हुई है। पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में संबद्ध देश से आयात में काफी वृद्धि हुई है।

छ. क्षति की अवधि में उत्पादन और घरेलू बिक्री दोनों में गिरावट आई है।

ज. घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है और जांच की अवधि में यह उच्चतम थी।

झ. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में 2022-23 में काफी सुधार हुआ और 2023-24 में यह उच्च स्तर पर बना रहा। तथापि, जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में काफी गिरावट आई।

ञ. घरेलू उद्योग का आरओसी जांच की अवधि में काफी कम था।

ix. संबद्ध देश के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

x. निर्धारित क्षति का अंतर सकारात्मक और काफी है।

xi. घरेलू उद्योग को क्षति संबद्ध देश द्वारा भारतीय बाजार में पाटन के कारण हुई है।

xii. पाटनरोधी शुल्क लगाना सार्वजनिक हित के विरुद्ध नहीं होगा।

105. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित किया गया और घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के पहलू पर सकारात्मक सूचना प्रदान करने का पर्याप्त अवसर दिया गया। पाटनरोधी नियमावली के तहत निर्धारित प्रावधानों के संदर्भ में पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की जांच शुरू करने और जांच करने के बाद, प्राधिकारी का यह मत है कि पाटन और क्षति को दूर करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना आवश्यक है। अत:, प्राधिकारी इसे आवश्यक मानते हैं और संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

106. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में से कमतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, ताकि घरेलू उद्योग की क्षति को दूर किया जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर नीचे दी शुल्क तालिका के कॉलम 7 में दर्शाई गई राशि के बराबर, केंद्र सरकार

द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं।

<u>शुल्क तालिका</u>

क्र. सं.	प्रशुल्क शीर्ष/उप शीर्ष	सामानों का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	शुल्क राशि	मुद्रा	इकाई
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	7019 9010 7019 9090 7019 1900 7019 3900 7019 5900	रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल*	मिस्र	मिस्र सहित कोई भी देश	कोई	468	यूएसडॉ.	एमटी
2	- वही -	- वही -	मिस्र को छोड़कर कोई देश	मिस्र	कोई	468	यूएसडॉ.	एमटी

** "रोल्स में फेस्ड ग्लास वूल" जिसे फाइबरग्लास वूल (इंसुलेशन सामग्री) या रेज़िन बॉन्डेड ग्लास वूल के रूप में भी जाना जाता है, में "फ्लैट/सारणीबद्ध रूप में फेस ग्लास वूल" जैसे टाइल, शीट या बोर्ड और ग्लास वूल ऑस्टिकल सीलिंग टाइल शामिल नहीं हैं।*

ठ. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

107. इन अंतिम जांच परिणामों में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम/नियमावली के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय अधिकरण के समक्ष की जाएगी।

(अमिताभ कुमार)
निर्दिष्ट प्राधिकारी

Digitally signed by
Amitabh Kumar
Date: 15-06-2026
13:49:37